* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
18 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 147
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

ममता-अखिलेश ने बनाया नया मोर्चा, इसमें बीजेपी-कांग्रेस को जगह नहीं




## बजट रेयाक् आसो़ल बिंदु




### चास- बास

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना तारी रे 4.5 लाख खो़न जास्ती चासीकोवाक् 1,727 करोड़ रेयाक् ऋण इका काताको
- सुखाड़ राहत बाखरा 13 लाख चासीकोवाक् खाता रे 461 करोड़ टाका कोल एना। बाकी मेनाक्को दो उसारा एमाको
- 5 एकड़ जुमी खो़न कोम मेनाक्ताकोको दो पुखरी रेयाक् गाद ओचोग आर डीप बोरिंग बाखरा 500 करोड़ टाका
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना रे जोड़ावकोआ लाख-लाख चासी। 300 करोड़ टाका रेयाक् बजटीय उपबंध
- गिरिडीह आर जमशेदपुर रे नावां डेयरी प्लांट आर रांची रे मिल्क प्रोडक्ट प्लांट रेयाक् होयोक्आ थापना
- लाख-लाख तोवा आक्आरजावको दो़ नित 3 टाका लीटर दोर तेको ञामा साहाव टाका
- मिलेट आरजाव बाखरा ते साहावको बाखरा झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन एहोबोक्आ।

### आतो लाहान्ती

- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन तारी रे 1 लाख चासीकोवाक् निज जुमी रे दाक् पाटानी कुआ बेनाव
- पी0एम0 आवास-आतो-टोला रे ओड़ाक् बेनाव बाखरा 3,542 करोड़ टाका सारसादले

### आतो रेयाक् कामी

- पी0एम0 ग्राम सड़क तारी रे 3,100 किमी सड़क आर 143 गोटेच् साखो बेनाव रेयाक् पोन्था
- सी0एम0 ग्राम सड़क तारी रे जो़तो स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत आफिस, मध्य / उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस / बैंक दो केटेच् सो़ड़ोक सांवते जोड़ाव
- मारे सो़ड़ोकको दो मित् सेच् ते मोरामोत बाखरा सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना एहोबोक्आ

### स्कूली आकिल आर लाहा सेयाक् आकिल

- 80 गोटेच् मोंज विद्यालयको आर 325 गोटेच् प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलको सांव-सावते 4,091 गोटेच् ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयको रे कामी तोंगे गेया
- नेतरहाट स्कूल तारी रे चाईबासा, दुमका आर बोकारो रे आवासीय विद्यालय बेनाक्आ
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना आर एकलव्य प्रशिक्षण-योजना तारी रे मोटामुटी 37,000 गोटेच् पाठुवा कुड़ी-कोड़ा पोरहो एमाको रेयाक् जो़स

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण आर कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना तारी रे 1,40,000 जुवान कुड़ी कोड़ाको ञामा हुनार इतुन। इतुन तायोम कामी बाको ञाम रे 6 चान्दो हाबिच् कोड़ाको दो 1,000 आर कुड़ीको आर लेङहाको दो 1,500 चान्दो पिछा एमावाकोआ

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक आर पिछड़ा वर्ग कल्याण

- काउडी सेरमा 2022-23 रे प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति तारी से 22 लाख खो़न जास्ती पाठुवाको 462 करोड़ खो़न जास्ती एमाको
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) तारी रे 5,600 कोड़ा गिदराको दो नित हाबिच् पोरहोको ञाम आकादा। 2023-24 रे दो पोन्था तारी रे 2 लाख कोड़ा गिदराको पोरहो एमाको रेयाक् मो़ने मेनाक्आ
- जो़तो छात्रावासको रे कोड़ा गिदरा आर कुड़ी गिदराको दो एमने ते ने जो़म-ञू आर हॉस्टल रेन दाक्काको आर कामीयाको होंको एमाकोआ
- हॉस्टल रे मॉडल लाइब्रेरी झिंजुक्आ
- जनजातीय संस्कृति आर कला केंद्र रे आद खो़च् मेनाक् तुम्दाक्-टामाक आर रूरूय जिनिस एमाको रेयाक् जो़स मेनाक्आ
- मानकी मुंडा, डकुआ एमानकोवाक् न्यायिक, प्रशासनिक आर टाका-पायसा बाखरा ते बार चाका गाड़ी एमाको रेयाक् मेनाक्आ

### स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा आर परिवार कल्याण

- बोकारो आर रांची रे मेडिकल कॉलेज खुलाउ
- पलामू चाईबासा आर दुमका रे मनोचिकित्सा केंद्र थापनाक्आ
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक रेयाक् बेबोसता चालाव बानाव
- नावां नर्सिंग आर फार्मेसी कॉलेज थापनाक्आ

### महिला, बाल विकास आर सामाजिक भ़लाई

- सर्वजन पेंशन योजना तारी रे 2,131 करोड़ टाका रेयाक् लाई सो़दो़र
- महिला आर किशोरी कल्याण पोन्था चालाव-बानाव एहोबोक्आ
- 800 नावां आंगनबाड़ी ओड़ाक् बेनाव ओचोया

### दाक् टोम्बाव

- पटमदा आर पलामू मेगा लिफ्ट पटानी। कामी पोन्थाको लाई सो़दो़र। दुमका रेयाक् मसलिया-रानेश्वर आर देवधर-जामताड़ा रेयाक् सिक्टिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना रे दो कामी चालाक् काना

### सो़ड़ो़क बेनाव

- रांची रे सिरमटोली चौक खो़न राजेन्द्र चौक हाबिच् फ्लाईओवर कांटाटोली फ्लाईओवर आर से विकास विद्यालय खो़न नामकुम हाबिच् फोरलेन रे कामी तोंगे गेया
- सो़ड़ो़कको दो बेनाक्आ फोर लेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा-दुमका-गोविंदपुर सो़ड़ो़क
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुन्डी-गोविंदपुर (एसएच-13) सो़ड़ो़क
  3. सतसंग मिरखीबाद सो़ड़ो़क

### ऊर्जा

- 100 यूनिट माड़नी ते बिजली ञामोक् कामी पोन्था तारी रे हो 18 लाख घारोंज रेन हो़ड़को ञामेत् काना
- काउडी सेरमा 2023-24 रे दो योजना बाखरा ते 2,300 करोड़ टाका लाई सो़दो़र आकाना

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद आर युवा कार्य

- खिलोड़-एनेच् जोराव् बाखरा ग्राम रूट ट्रेनिंग सेंटर आर सिदो-कान्हू युवा क्लब रेयाक् थापना होयोक्आ

### नगर विकास आर आवास

- रामगढ़ आर सिमडेगा शहरी जलापूर्ति आर 45 गोटेच् पुखरी मोरामोत होयोक्आ
- झुमरीतिलैया आर मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना आर रांची इन्टेक वर्क्स बेनाक्आ
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) तारी रे लोहरदगा, गुमला आर कपाली नगर निकायको रे शहरी जलापूर्ति योजनाको रेयाक् बेक्नाव कामी एहोबोक्आ

### वन, पर्यावरण आर जलवायु परिवर्तन

- काटिच्-माटिच् बिर बेक्नावको साहावको
- बिर ताला रे मेनाक् आतो, जाहां दो नित हाबिच् ते सो़ड़ो़क बाड़ बेनाव आकाना। ओनाको जो़तो आतो दो पक्की सो़ड़ो़क सांव जोड़ाव रेयाक् जो़स

P.R. 292963 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,800 रु./10 ग्राम
चांदी 71,000 रु./प्रति किलो



# भारत जोड़ो यात्रा पर खुद पानी फेर रहे हैं राहुल गांधी

## ■ बार-बार कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं 'युवराज'

## ■ ऐसी राजनीति और ऐसी बयानबाजी से तो डूब जायेगा पार्टी का सूर्य

**आजाद सिपाही विशेष**

क्या राहुल गांधी ने अपनी 150 दिनों और 3750 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा पर खुद ही पानी फेरने का प्रण ले लिया है। आखिर राहुल गांधी अपने बयानों से कांग्रेस पार्टी के किये-कराये पर पानी क्यों फेर देते हैं। यूं ही भाजपा वाले चुनाव के समय उन्हें अपना स्टार कैंपेनर नहीं कहते। भाजपा को पता होता है कि कोई न कोई ऐसा बयान राहुल गांधी सही मौके पर दे देंगे, जो भाजपा के हित में काम करने लगेगा। फिर उन बयानों को कांग्रेस को न उगलते बनता है और न निगलते। कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी की छवि को सुधारने और एक नया रूप देने के लिए भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया था। राहुल की छवि इससे मजबूत भी हुई। खुद राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को मार दिया है। वह है ही नहीं। गया वो, गया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जिस व्यक्ति को आप देख रहे हो, वह राहुल गांधी है ही नहीं। न ही उनके दिमाग में है। राहुल गांधी आप पत्रकारों और भाजपा के दिमाग में है, उनके खुद के दिमाग में नहीं है। अब इस बयान को समझने के लिए राहुल ने हिंदू धर्म को पढ़ने के लिए कहा। शिवजी पर अध्ययन करने को कहा। यानी राहुल गांधी कहना चाहते थे कि उन्होंने एक नाम विशेष वाली छवि को तोड़ दिया है। राहुल गांधी तो यह भी कहते फिर रहे हैं कि वह पीएम नहीं बनना चाहते। लेकिन सच्चाई क्या है, यह सभी को पता है, ठीक उसी तरह जैसे राहुल ने खुद को मार लिया है। इस बयान के बाद राहुल ने अपनी तपस्वी दाढ़ी को कटवाया और सूट-बूट में हल्की ट्रिम्ड दाढ़ी के साथ लंदन में नजर आये। अब बारी थी राहुल को भाजपा को मुद्दा देने की। सो उन्होंने दे भी दिया। एक तरफ राहुल भारत जोड़ने की बात करते हैं, तो दूसरी तरफ लंदन में जाकर भारत के लोकतंत्र पर प्रश्नचिह्न खड़ा करते हैं। अब इसे क्या कहा जाये। ये बातें किस राहुल ने कहीं। मरे हुए राहुल ने, जिसे खुद राहुल ने मार दिया या वह राहुल को खुद को मारने वाली बातें कह रहा था। राहुल तो अपनी यात्रा के दौरान खुद ही कहा करते थे कि यात्रा के दौरान भारत में मुझे सिर्फ प्रेम दिखा, भाईचारा दिखा, लेकिन अब कह रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, ऐसी बयानबाजी लंदन में जाकर देना भारत के खिलाफ बयानबाजी ही कही जा सकती है। आज की तारीख में भारत का लोकतंत्र उतना ही सुरक्षित है, जितना भारत आजाद है। आखिर राहुल गांधी ने कैसे खुद के पैर पर कुल्हाड़ी मार ली, या यूं कहें कि चुनावी मौसम में राहुल नाम का बादल कांग्रेस की सेहत खराब कर सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

यह सब जानते हैं कि राहुल गांधी ने पांच महीने की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कड़ी मेहनत की। करीब 150 दिनों की इस यात्रा के जरिये राहुल ने पार्टी में नयी जान फूंकने की कोशिश की। विपक्ष भी उनके साथ खड़ा दिखायी दिया। देश-दुनिया की मीडिया ने इसे कवर किया। वैसे राहुल हमेशा इल्जाम लगाते रहे कि मीडिया उनकी यात्रा को कवर नहीं कर रही। अगर मीडिया इस यात्रा को कवर नहीं करती, तो यह यात्रा टीवी या समाचार पत्रों में कैसे सुर्खियां बटोर रही थी। हां, 24 घंटे उनकी यात्रा को न्यूज चैनलों में स्लॉट नहीं मिल पा रहा था, अखबारों में तीन-चार पन्नों का स्थान नहीं मिल पा रहा था। यह सही है। लेकिन डिजिटल मीडिया में उनकी यात्रा को खूब स्थान मिला। खासकर कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर। राहुल गांधी की यात्रा लगातार सुर्खियों में बनी रही। इस पूरी यात्रा में भीड़ भी खूब देखने को मिली। इसी भीड़ में राहुल ने कब खुद को मार लिया, पता नहीं चला। वह तो राहुल ने जब पत्रकारों को मंच से कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को मार दिया है, तब पूरी दुनिया को पता चला कि राहुल गांधी ने राहुल गांधी को मार दिया है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी में कांग्रेस को तपस्वी दिखता था। राहुल ने भी लोगों को निराश नहीं किया। उन्होंने कई बार अध्यात्म का ज्ञान भी बांटा। यह अलग बात है कि सिर्फ राहुल को छोड़ जनता को उनकी बातें समझ में नहीं आयीं। कांग्रेसियों को भी उनकी बातों को समझने की एक्टिंग करनी पड़ती थी। राहुल गांधी की भारत जोड़ने के लिए 3750 किलोमीटर की पैदल यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होकर श्रीनगर में खत्म हुई थी। कांग्रेस का दावा था कि उनकी यात्रा देश में बेरोजगारी, महंगाई, हिंसा और नफरत के खिलाफ थी। सड़क पर निकल कर राहुल ने सत्तारूढ़ भाजपा को सीधे ललकार दिया था। भाजपा का भी इस यात्रा से पसीना छूट रहा था। कह कोई नहीं रहा था, लेकिन भाजपा को भरोसा था कि राहुल गांधी उन्हें निराश नहीं करेंगे। प्लेट में सजा कर उसे मुद्दा जरूर दे देंगे। और ठीक वही हुआ।



राहुल गांधी लंदन पहुंच गये। वहां उन्होंने वही किया, जिससे भाजपा और देश की जनता भी भली-भांति परिचित थी। कांग्रेस पार्टी भी होगी। इसमें कोई संदेह नहीं। धुकधुकी तो बनी ही होगी। दरअसल, राहुल गांधी पिछले दिनों लंदन दौरे पर थे। उन्हें कैंब्रिज में लेक्चर का निमंत्रण मिला था। राहुल ने वहां कैंब्रिज लेक्चर से इतर एक मीडिया इंटर-एक्शन में कहा कि भारत में लोकतंत्र की हत्या हो चुकी है। वहां लोकतंत्र कब का मर चुका है। राहुल यहीं नहीं रुके। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जो अमेरिका और यूरोप खुद को लोकतंत्र का कथित रक्षक बताते हैं, उन्हें यह समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र सिर्फ भारत के लिए ही मायने नहीं रखता है, उनके लिए भी महत्वपूर्ण है।

लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर उनके बयान से हालात बदल गये। भाजपा ने इस मुद्दे को दोनों हाथों से लपक लिया। इसे लेकर वह राहुल पर हमलावर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूरे मामले में घिरते जा रहे हैं। उन पर माफी मांगने का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर संसद नहीं चल पा रही है। राहुल ने पूरे मामले में सदन में बोलने के लिए कहा है। हालांकि अंदेशा भी जताया है कि भाजपा शायद उन्हें नहीं बोलने दे। ऐसे में सवाल खड़ा हो गया है। कहीं भाजपा ने चार दिनों में राहुल की 150 दिनों की भारत जोड़ो यात्रा की मेहनत पर पानी तो नहीं फेर दिया है? भाजपा ने मांग की है कि राहुल गांधी को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। राहुल ने खास तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था कि मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं। भाजपा ने इसे विदेश से भारत के लोकतंत्र पर हमले के तौर पर पेश किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू और स्मृति इरानी से लेकर रविशंकर प्रसाद तक पार्टी के तमाम दिग्गिज नेताओं ने राहुल के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

### भाजपा को थाली में मिल गया है मुद्दा

हालांकि, विदेश में जाकर प्रधानमंत्री पर हमला ज्यादातर लोगों को सहज नहीं लगा। भाजपा ने भी इसे कांग्रेस के खिलाफ मुद्दा बना लिया। पीएम मोदी को दो-दो बार जनता ने देश का नेतृत्व करने का मौका दिया है। भाजपा का कहना है कि ऐसा करके राहुल ने सिर्फ देश का ही नहीं, उसकी जनता का भी अपमान किया है। इस मसले को लेकर राहुल पर माफी मांगने का दबाव बढ़ता जा रहा है। संसद चल नहीं पा रही है। राहुल ने इसे अडाणी मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया है। दूसरी ओर भाजपा को यह मुद्दा बैठे-बिठाये मिल गया है। राहुल गांधी ने अपने लंदन दौरे में पेगासस का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पेगासस के जरिये विपक्षी नेताओं की जासूसी की गयी। ध्यान रहे कि पेगासस का मामला सुप्रीम कोर्ट में जा चुका है, जहां जांच के लिए 29 फोन जमा करवाये गये थे। इनमें पांच फोन में मैलवेयर मिला था, लेकिन यह पेगासस ही था, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ये मैलवेयर नेताओं की जासूसी ही कर रहे थे, इसका भी कोई सबूत नहीं है। बावजूद इसके राहुल गांधी ने लंदन में इस मुद्दे को उछाला। बहरहाल, भाजपा राहुल गांधी के इस आरोप पर भी भड़की हुई है कि विपक्षी दलों को संसद में बोलने नहीं दिया जाता है। राहुल बार-बार कहते हैं कि वह जब संसद में बोलते हैं, तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यही बात लंदन में दोहरायी। हालांकि, राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राहुल गांधी से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा भी था कि आपको (राहुल को) बोलने का हमेशा पूरा मौका मिलता है। बिरला ने राहुल से कहा कि वह ऐसा नहीं बोला करें कि उनकी माइक बंद कर दी जाती है, क्योंकि यह सही नहीं है।

### राहुल के बयान पर पीएम का प्रहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राहुल गांधी के लंदन वाले बयानों की तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कर्नाटक में कहा कि दुनिया भर में भारत की छवि खराब करने की कोशिश हुई है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिये बिना कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय मंच से देश को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को नहीं हिला सकती है। निश्चित रूप से पीएम के इस बयान का इशारा राहुल गांधी के उस वक्तव्य की तरफ ही है, जिसमें उन्होंने भारत में लोकतंत्र की मौत का दावा किया है।

अब सवाल उठता है कि क्या लोकसभा चुनाव से पहले राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के लिए जो मेहनत की थी, यह उस पर पानी फेर सकता है। सिर्फ अगले साल लोकसभा चुनाव ही नहीं, इस साल कई राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होनेवाले हैं। देखना होगा कि वहां के चुनावों पर राहुल गांधी के लंदन वाले बयानों का क्या असर होता है। क्या चुनावी मौसम में राहुल नाम का बादल कांग्रेस की सेहत खराब कर सकता है। यह देखना अब दिलचस्प होगा।

---

#### पीआइबी, केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची ने हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया

## हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें : एडीजी अखिल कुमार मिश्रा

**सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत सभी विभाग के कर्मियों ने इसमें हिस्सा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सूचना प्रसारण मंत्रालय के रांची स्थित विभागों, पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता पीआइबी- सीबीसी, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने की। वहीं विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, पत्रकार विनय कुमार, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य, मुख्य रूप से शामिल हुए। दीप प्रज्ज्वलन के बाद पीआइबी सीबीसी के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। अतः मंत्रालय अपने कार्यालयों में इस मीटिंग का ससमय आयोजन कर सभी कर्मी को हिंदी में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन देने का कार्य करता है।



वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने बताया कि हिंदी में काम को आसान तरीके से किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने हिंदी के सरल शब्दों का उपयोग करने एवं सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक शुद्ध रूप से लिखने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार ने हिंदी के आज के तकनीकी युग में विकास पर बात रखते हुए कहा कि वॉइस टाइपिंग, यूनिकोड, गूगल, इत्यादि जैसे तकनीकों ने हिंदी में काम करने की क्षमता को बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि गूगल रिपोर्ट के मुताबिक जहां अंग्रेजी में सर्च करने वालों की संख्या 10 से 19% के हिसाब से प्रतिवर्ष बढ़ रही है, वहीं हिंदी सर्च करने वालों की संख्या 80 से 94% की दर से बढ़ोतरी कर रही है। कार्यशाला में ऑल इंडिया रेडियो न्यूज डिवीजन रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने बताया कि किसी भी सरकारी कार्यालय में काम करने वाले भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग होते हैं। कोई हिंदी क्षेत्र का भी कर्मचारी होता है तो कोई दूसरी भाषा के क्षेत्र का। ऐसे में सबको राजभाषा में काम करने के लिए दक्षता देने हेतु कैसे सुगम ट्रेनिंग दी जाये, इसके बारे में लगातार बेहतरी से काम करने की आवश्यकता है। इस कार्यशाला के आयोजन में केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविष रहमान ने इस कार्यशाला का संचालन किया, जबकि क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने विषय प्रवेश कराया, और राजभाषा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं पीआइबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय ने स्वागत भाषण दिया।

---

## दो आइएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी की है। आदेश के अनुसार, दो आइएएस अधिकारियों को उनके वर्तमान पदभार के साथ अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, एक प्रशासनिक अधिकारी का स्थानांतरण किया गया है। आदेश के अनुसार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित 1996 बैच की आइएएस वंदना डाडेल को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के प्रमंडलीय आयुक्त 2003 बैच के प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार टोप्पो को स्थानांतरित कर सचिव, कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची के पद पर नियुक्त और पदस्थापित किया गया है। इधर, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड के संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित 2012 बैच के आइएएस अफसर घोलप रमेश गोरख वर्तमान पदभार के साथ अगले आदेश तक निदेशक, उद्योग झारखंड के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**आइपीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को विशेष सचिव का प्रभार**



इधर, आइपीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को विशेष सचिव का प्रभार दिया गया है।

### देवघर में 35 जवान फूड प्वाइजनिंग के शिकार

**रांची (आजाद सिपाही)। जिले में शुक्रवार को जैप-5 के करीब 35 जवान फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गये। उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। सिविल सर्जन डॉ युगल चौधरी ने कहा कि 18 जवानों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है, अन्य को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। इलाजरत सभी जवानों की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि फूड प्वाइजनिंग का मामला लग रहा है, क्योंकि जवानों ने उल्टी, लूज मोशन की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि यह प्रदूषित पानी या गर्मी के कारण भी हो सकता है।**

---

#### संपत्ति विवाद में 24 घंटे तक पड़ा रहा महिला का शव

## ससुराल से मायके पहुंची चार बेटियों ने मां की अर्थी को दिया कंधा

**चार बेटियों ने समाज में कायम की मिसाल**

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड के गिरिडीह जिले के गांडेय में बेटियों ने समाज में मिसाल कायम की है। समाज की बेड़ियों को तोड़ कर नजीर पेश की है। चारों तरफ अर्थी को कंधा देनेवाली बेटियों की प्रशंसा हो रही है। बताया जाता है कि संपत्ति विवाद में गोतिया ने जब शव को कंधा देने से मना कर दिया, तब बेटियों ने यह कदम उठाया। गौरतलब है कि गांडेय प्रखंड की गजकुंडा पंचायत अंतर्गत सरौन गांव में सांझो देवी की मौत हृदय गति रुकने के कारण हो गयी थी। मौत के बाद स्थानीय ग्रामीण समेत उनके सगे संबंधी और बेटियां अंतिम दर्शन को पहुंची थीं। मां के अंतिम संस्कार के पूर्व ही गोतिया के साथ जमीन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर गोतिया ने सांझो देवी का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। पिता की मौत भी पहले ही हो चुकी थी। गोतिया के इंकार करने के बाद चारों बेटियों ने मिल कर मां की अर्थी को कंधा दिया।



श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया। मां की अर्थी को कंधा देने और शव का अंतिम संस्कार करने की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।

### 24 घंटे तक पड़ा रहा शव, तब जाकर बेटियों ने दिया कंधा

गौरतलब है कि पिता दुखन पंडित के तीन भाई थे। मां की मृत्यु की सूचना पर उनकी चारों बेटियां गौरी देवी, सुगवा देवी, बूंदा देवी और देवकी देवी ससुराल से मायके मां के अंतिम दर्शन के लिए आयी थीं। बड़े चाचा एवं मंझले चाचा से उनके बीच जमीन विवाद चल रहा था। जमीन विवाद के कारण चाचा ने अर्थी उठाने से मना कर दिया। इस कारण लगभग 24 घंटे तक शव घर पर ही पड़ा रहा, जिसके बाद बेटियों ने मिल कर अर्थी को कंधा दिया और श्मसान घाट पहुंचाया। मुखाग्नि देने के दौरान भी गोतिया लोगों ने विवाद कर दिया। हालांकि चचेरे भाई ने मुखाग्नि दी। इस दौरान मृतिका की चारो बेटियां मां के शव के अंतिम संस्कार तक वहां उपस्थित रहीं।

www.epaper.azadsipahi.in

18 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 147

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**संघ प्रमुख भागवत बोले**
सबके रास्ते अलग-अलग, लेकिन मंजिल एक, पूजा पद्धति पर विवाद व्यर्थ









### झारखंड को 23 मार्च को मिलेगा सड़कों का तोहफा

# रांची-जमशेदपुर समेत कई सड़कों का नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन

- रांची-बोकारो एक्सप्रेस-वे निर्माण का भी करेंगे शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 23 मार्च को झारखंड आयेंगे। वह रांची-जमशेदपुर की 4468 करोड़ की लागत से कई सड़कों का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे की जानकारी झारखंड सरकार को भी दी गयी है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) के झारखंड कार्यालय ने एनएचएआइ की परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास के लिए सूची भी तैयार की है। इसके अलावा एनएच विंग झारखंड भी अलग से रोड की सूची फाइनल कर रहा है, जिसका



उद्घाटन-शिलान्यास किया जाना है। केंद्रीय मंत्री रांची-बोकारो से जुड़ी 60 किमी एक्सप्रेस-वे निर्माण का भी शिलान्यास करेंगे। इसमें करीब 2222 करोड़ की लागत आयेगी।

वहीं, लाइफलाइन मानी जानीवाली एनएच 33 के जमशेदपुर-महुलिया सेक्शन का उद्घाटन भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री के झारखंड दौरे को देखते हुए मंत्रालय की ओर से तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। उद्घाटन-शिलान्यास समारोह में सांसदों-विधायकों को भी आमंत्रित किया

**इनका शिलान्यास**

बोकारो-जैनामोड़-गोला एक्सप्रेस-वेः 1008 करोड़ की लागत, लंबाई-32.49 किमी.।
गोला-ओरमांझी रोड-1214 करोड़, लंबाई 27.846 किमी।

**इनका उद्घाटन**

रामगढ़ के पटेल चौक में वीयूपी एनएच 31: 24.09 करोड़, एक किमी. रोड।
एलिवेटेड कॉरिडोर- कालीमंदिर चौक- बालगुमा जमशेदपुर सेक्शन एनएच 33, 10.04 किमी, लागत1876 करोड़।
चार-छह लेन रोड जमशेदपुर-महुलिया सेक्शन एनएच 33 में 44.219 किमी, लागत 465.23 करोड़ रुपये।

### सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने रखी मांग

# विधायकों की वेतन वृद्धि पर स्पीकर के साथ बैठक कर निर्णय लेगी सरकारः हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में विधायकों के वेतन में 67 फीसदी बढ़ोत्तरी के बाद झारखंड में भी विधायक इसकी मांग करने लगे हैं। विधानसभा सदन में शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने इस मुद्दे पर सरकार से ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा है कि 2017 के बाद विधायकों का वेतन नहीं बढ़ा है, इसलिए सरकार को इस पर सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विधायकों की वेतन वृद्धि सहित सभी परेशानियों पर विधानसभा अध्यक्ष के साथ बैठक कर सरकार निर्णय लेगी।



**विधायक भानू प्रताप शाही ने उठाया मुद्दाः** सदन में भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही नेवेतन वृद्धि की मांग रखी। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और झामुमो विधायक समीर मोहंती ने भी भानु की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि महंगाई को देखते हुए दिल्ली की तर्ज पर विधायकों की वेतन वृद्धि की मांग मानी जानी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने सदन को विचार करने के बारे में आश्वस्त किया।

**विधायक कल्याण नियमावली पर जतायी चिंता :** मुख्यमंत्री ने पूर्व से चली आ रही विधायक कल्याण नियमावली पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि अपना कोई विधायक और उनके परिवार के सदस्य अगर कहीं इलाज कराते हैं, तो उन्हें एम्स के आधार पर रिम्बर्समेंट होता है, जबकि कोई पदाधिकारी बीमार होता है, तो उसे सभी अस्पताल के जैसा रिम्बर्समेंट की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संवेदनशील है। सबकी जानमाल की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। हम पुलिस के जवान को भी एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए भेजते हैं, तो मुजरिम को भी मरने नहीं देते और उन्हें एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए भेजते हैं।

**दिल्ली की तर्ज पर बढ़ा, तो चार लाख रुपये मिलेंगे :** वेतन और सभी भत्ते को मिला कर वर्तमान में विधायकों की सैलरी लगभग 2 लाख 76 हजार प्रति माह के आसपास है, अगर दिल्ली की तर्ज पर झारखंड में विधायकों की वेतन वृद्धि को सरकार मंजूरी देगी, तो विधायकों का वेतन लगभग 4 लाख प्रति माह हो जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने झारनियोजन पोर्टल का किया उद्घाटन

### रोजगार के लिए अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन भर सकेंगे

- 40,000 वेतन तक के पदों की नियुक्ति में 75% स्थानीय युवाओं की होगी नियुक्ति
- 10 या 10 से अधिक कार्यबल वाले प्रतिष्ठानों को पोर्टल पर करवाना होगा निबंधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा स्थित अपने कक्ष में झारनियोजन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा एवं श्रम विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से बनाये गये http://jharniyojan.jharkhand.gov.in पोर्टल



के माध्यम से सरकार नियोक्ता एवं रोजगार ढूंढ़ रहे अभ्यर्थियों को प्लेटफार्म देने का प्रयास करेगी। पोर्टल पर नियोक्ता अपने व्यवसाय एवं उससे संबंधित मानव बल के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं। रोजगार के लिए अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन भी भर सकेंगे। राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश से झारखंड सरकार द्वारा 'झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021' पारित किया गया है। अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित नियमावली की अधिसूचना के उपरांत यह अधिनियम 12 सितंबर 2022 से संपूर्ण झारखंड में प्रभावी है। यह अधिनियम वैसे सभी प्रतिष्ठान, जो निजी क्षेत्र के हों एवं जहां 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्य कर रहे हैं, पर लागू होता है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को इस पोर्टल पर अपना निबंधन करवाना है। अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से वैसे सभी प्रतिष्ठान, जिन पर यह अधिनियम लागू होता है, द्वारा यदि कोई रिक्ति निकाली जाती है, तो 40,000 रुपये वेतन तक के पदों की नियुक्ति में 75% स्थानीय (झारखंड) को नियुक्त करना होगा। झारखंड के युवा, जो इस अधिनियम का लाभ उठाना चाहते हैं ,को रोजगार पोर्टल पर निबंधित होना होगा। यदि स्थानीय कंपनियों द्वारा स्थानीय स्तर पर आवश्यक कौशल युक्त मानव बल की कमी के बारे में सूचित किया जाता है, तो सरकार द्वारा आवश्यक कौशल के संबंध में प्रशिक्षण दिला कर स्थानीय युवाओं को योग्य बनाने का प्रावधान अधिनियम के अंतर्गत किया गया है।

## आइएएस राजीव अरुण एक्का को 27 मार्च को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 27 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी का यह दूसरा समन है। इसके पहले इडी ने जब उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, तो एक्का ने विधानसभा सत्र के बाद का समय मांगा था। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राजीव अरुण एक्का का एक वीडियो क्लिप जारी करते हुए आरोप लगाया था कि वह सरकारी फाइलों का निपटारा पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के कार्यालय में कर रहे हैं। यहां लेन-देन की भी बात हो रही है। भाजपा ने इसकी शिकायत इडी से भी की थी। इस विवाद के बाद एक्का को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद से हटा कर पंचायती राज विभाग में भेज दिया गया है। इडी विशाल चौधरी के साथ उनके संबंध और वीडियो क्लिप के बारे में पूछताछ करेगी।

### सात राज्यों में स्थापित होंगे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

# लाखों नौकरियां होंगी सृजित : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 'पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क' स्थापित किये जायेंगे। ये पार्क कपड़ा उद्योग के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे। पीएम ने कहा कि ये पार्क करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे।



पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क 5एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फैशन टू फॉरेन) विजन के अनुरूप वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और यूपी में स्थापित किये जायेंगे।' पीएम ने कहा, 'पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। यह मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।'

# दारोगा की सेल्फी एसपी को गुजरी नागवार, किया सस्पेंड

- चुटुपालू घाटी में गश्ती गाड़ी खड़ी कर सेल्फी ले रहे थे दारोगा और सिपाही, चालक छोड़ सभी सस्पेंड

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में ड्यूटी के दौरान सेल्फी का शौक पालना दारोगा को भारी पड़ गया। सेल्फी की पूरी हरकत एसपी की नजरों में कैद हो गयी। फिर क्या, एसपी ने दारोगा सहित पूरी पीसीआर टीम को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि रामगढ़ में ड्यूटी के दौरान लापरवाही किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। एसपी क्ी कार्रवाई से पूरे महकमे में खलबली मच गयी है।

**क्या है आदेश में :** 15 मार्च को एसपी पीयूष पांडेय एक जिला आदेश जारी कर रामगढ़ थाना में पदस्थापित दारोगा सुमित पांडेय, सिपाही ओमप्रकाश महतो, अजय कुमार को सस्पेंड कर दिया है। आदेश पत्र में एसपी ने कहा है कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चुटुपालू घाटी में गश्ती वाहन को बंद अवस्था में खड़ा कर गश्ती दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी और सभी कर्मी अपनी-अपनी मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे।

**हिदायत के बावजूद लापरवाह रहे पदाधिकारी :** हिदायत के बावजूद पदाधिकारी और कर्मी ड्यूटी के प्रति लापरवाह पाये गये। उन्होंने आदेश पत्र में कहा है कि निर्देशित करने के बाद भी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी चुस्ती और मुस्तैदी से ड्यूटी का निर्वहन नहीं कर रहे थे। यह काफी खेदजनक है। उनका मानना है कि चुटुपालू घाटी क्षेत्र से निरंतर विशिष्ट एवं अति विशिष्ट महानुभावों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी परिस्थिति में रामगढ़ थाना के गश्ती दल द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य करने से पुलिस की नकारात्मक छवि उजागर होती है। गश्ती दल को क्षेत्र में भ्रमणशील रह कर गश्ती करनी चाहिए, परंतु सुमित पांडे एवं गश्ती में प्रतिनियुक्त बल के द्वारा ऐसा नहीं किया गया। यह कर्तव्य के प्रति लापरवाही, मनमानापन, वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश का उल्लंघन दर्शाता है। इसी आलोक में सभी पर सस्पेंशन की कार्रवाई की गयी है।

# हंगामे के बाद संसद सोमवार तक स्थगित

- कांग्रेस सांसदों की मांग- राहुल को सदन में बोलने दो
- भाजपा ने कहा- पहले बयान पर माफी मांगें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा 5वें दिन की कार्यवाही शुरू होने के 20 मिनट बाद ही खत्म हो गयी। सदन में नारेबाजी के चलते अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी को बोलने दो के नारे लगा रहे थे, जबकि भाजपा पिछले चार दिन से राहुल गांधी के कैम्ब्रिज वाले बयान पर माफी की मांग कर रही है। राज्यसभा भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। सदन के स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसदों समेत 16 विपक्षी दलों ने सोनिया, राहुल और खड़गे के साथ मिल कर महात्मा गांधी की मूर्ति के पास अडाणी मामले पर विरोध प्रदर्शन किया।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया गया है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यह प्रस्ताव आगे बढ़ाया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति को जो चिट्ठी लिखी है, उसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के बयान का जिक्र किया गया है। कांग्रेस ने उनके इस बयान के आधार पर ही विशेषाधिकार हनन का नोटिस भेजा है और आरोप लगाया है कि प्रथम दृष्टया में ही प्रधानमंत्री की यह बातें न सिर्फ अपमानजक थीं, बल्कि नेहरू परिवार के सदस्यों खासकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी, जो कि लोकसभा सदस्य भी हैं, उनके प्रति असम्मानजनक और मानहानि वाली थीं।

कांग्रेस ने अपनी चिट्ठी में प्रधानमंत्री के उस बयान का भी जिक्र किया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि मुझे बहुत आश्चर्य होता है कि चलो बाई, नेहरू जी का नाम हमसे कभी छूट जाता होगा और यदि छूट जाता है, तो हम उसे ठीक भी कर लेंगे, क्योंकि वे देश के पहले प्रधानमंत्री थे, लेकिन मुझे यह समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई भी व्यक्ति नेहरु जी का सरनेम रखने से क्यों डरता है? क्या शर्मिंदगी है? नेहरू सरनेम रखने में क्या शर्मिंदगी है? इतना बड़ा महान व्यक्ति आपको मंजूर नहीं है, परिवार मंजूर नहीं है। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने इस चिट्ठी में कहा है कि प्रधानमंत्री का यह कहना कि गांधी परिवार के सदस्यों ने नेहरू सरनेम क्यों नहीं लिया, अपने आपमें काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रधानमंत्री जानते हैं कि बेटी शादी के बाद अपने पिता का सरनेम नहीं रख सकती। यह जानने के बावजूद उन्होंने जानबूझ कर इस बात का मजाक बनाया। इसके अलावा इस मामले को और वृहद तरीके से बताये जाने की जरूरत नहीं है।

इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री की बात करने का लहजा और आशय अपमानजनक था। यह प्रधानमंत्री की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी की छवि गढ़ने जैसी थी, जो कि दोनों का विशेषाधिकार का हनन है और इस सदन की भी अवमानना है।



## झारखंड राज्य सम्मेलन आमसभा के साथ शुरू



**भुरकुंडा(आजाद सिपही)।** एटक का छठा झारखंड राज्य सम्मेलन शुक्रवार 17 जनवरी से बोकारो इस्पात नगर, बोकारो के सेक्टर 2 स्थित कला केंद्र में एक विशाल आमसभा के साथ शुरू हुयी। इसकी अध्यक्षता एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड रामेंद्र कुमार ने की। आमसभा में मुख्य वक्ता एटक के महासचिव कॉमरेड अमरजीत कौर ने जनता को संबोधित किया। मौके पर कॉमरेड रमेन्द्र कुमार ने कहा कि ढोल का पोल खुल गया, यानी कि मोदी जी कहते थे कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। देश का सबसे बड़ा घोटाला अदानी घोटाला है। उन्होंने कहा कि देश पूंजीपतियों के हाथों बिक गयी है। आमसभा को एटक के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं जामा विधायक सीता सोरेन, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, एटक के केंद्रीय उपाध्यक्ष विद्या सागर गिरि, कॉमरेड पीके गांगुली, महासचिव, झारखंड राज्य, एटक, कॉमरेड अशोक यादव, कॉमरेड लखन लाल महतो ने आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें कोयला, तांबा, इस्पात, लोहा, ट्रांसपोर्ट, बीमा, बैंक, राज्य कर्मचारी, एनटीपीसी, संगठित और असंगठित आदि उपक्रमों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। बताया गया कि 17 से चलने वाला आमसभा 19 मार्च तक चलेगा। आमसभा में सत्रुधन महतो, नरेश मंडल, रामजी साह, बिनोद बिहारी पासवान, विकास कुमार, प्रेम कुमार, अरबिन्द शर्मा, महलाल मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अरशद हुसैन, रघुनाथ प्रसाद, कर्मा मांझी, विनोद मिश्रा, नंदू यादव, सतीश केशरी, दीपांशु कुमार आदि हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## अध्यापकों का महासम्मेलन 19 मार्च को

**पतरातू(आजाद सिपही)।** पतरातू क्षेत्र के उच्चरिंगा मैदान में सहायक अध्यापकों का महासम्मेलन झारखंड सहायक अध्यापक महासंघ के बैनर तले 19 मार्च को किया जाएगा। सम्मेलन में राज्य के वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ झारखंड राज्य के सभी जिले के पदाधिकारी व सहायक अध्यापक शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला सचिव रोहित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष धनेश्वर मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, राजीव कुमार ने दी।

## सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय



**गिद्दी(आजाद सिपही)।** मनुआ फुल सराय में सरहुल पर्व मनाने को लेकर ग्रामीणों का एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व इस वर्ष 26 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा फुल सराय के वार्ड नंबर 10 में उप स्वास्थ्य केंद्र के पास सरहुल पर्व मनाने का ग्रामीणों ने निर्णय लिया। इसके साथ ही एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्षयोगेन्द्र बेदिया सचिव कजरू बेदिया कोषाध्यक्ष लक्ष्मण बेदिया को सर्वसम्मति से चुना गया इसके साथ ही महिला समिति में अध्यक्ष रेखा देवी उपाध्यक्ष पूनम देवी सचिव पिंकी देवी उप सचिव सोनी देवी कोषाध्यक्ष रुमंती देवी को पदभार दिया गया है। इस मौके पर सुनील बेदिया, ताजेंद्र राम, किष्टो राम, बेदिया दीपक, बेदिया रवि, साहू शिवशरण बेदिया, राजू बेदिया, रामदेव बेदिया, सीताराम महावीर, चंद्रनाथ निशांत, राजेंद्र रविंद, सुनील कमलेश, रामदेव संजय, हरेंद्र सीटन, संजय साहू, तीज लाल, सोनी देवी, राजंती देवी कमली देवी गुलाली देवी बुधनी सुमन रिंकू लक्ष्मी मुन्नी छुटकी जय मनी, गुड़िया, गीता, त्रिशला, पूनम, मुन्नी, भारती, बिलासों, सोना, मती, दुलारी, बिजनी, आरती, रुकमणी, तिलवा, सावित्री देवी, सहित सैकड़ों महिला-पुरुष बैठक में शामिल थे।

## प्राकृतिक बाहा पर्व पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित



**उरीमारी(आजाद सिपही)।** हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पोटंगा पंचायत के न्यू बरटोला में शुक्रवार को सरहुल के शुभ अवसर पर प्राकृतिक बाहा पर्व एवम सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य सह जोनल कोषाध्यक्ष झाकोमयू सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, विशिष्ट अतिथि रैविमो बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा, पंचायत समिति सदस्य पश्चिमी पोटंगा बभनी देवी, पोटंगा पंचायत उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, सम्मानित अतिथि संथाली एक्ट्रेस फुलोमिना हंसदा(दुमका), अनिता हेंब्रम(दुमका), संथाली फीमेल सिंगर सुशींता हंसदा(दुमका), मेल सिंगर आनंद हेंब्रम, सोना डिसोम प्रोडक्शन के निमार्ता बिनोद हेंब्रम, आनंद बेसरा, अजय बेसरा एवम मांझी हाडम दिनेश्वर सोरेन, पाराणिक लेचा मांझी, बाहा नायके पाहन मांझी, कुडम नायके कोका मांझी, जोगवा छोटका मांझी, तलमी देवी, हीरामुनि देवी, फुल्की देवी,रतनी देवी, चांदमुनी देवीआदि उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता को मुख्य अतिथि सोनाराम मांझी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। जिसमे झिलिक मिलिक ग्रुप प्रथम स्थान, जियाद झरना ग्रुप द्वितीय स्थान, इपील चांदो ग्रुप थर्ड स्थान,रहला रिमिल ग्रुप चौथा स्थान एवम दुलाड जला ग्रुप पांचवा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सोनाराम मांझी के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को दस हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को आठ हजार, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को सात हजार, चौथा को छ हजार एवम पांचवा स्थान को पांच हजार पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में रमेश हंसदा, मुरली सोरेन, राजेश हंसदा, नरेश हंसदा, सिकेंद्र सोरेन, सुरेश हेंब्रम, साहिल हेंब्रम, मुनालाल सोरेन, प्रदीप सोरेन आदि का योगदान रहा।

## रामनवमी को लेकर मंदिर में की गयी बैठक



**उरीमारी(आजाद सिपही)।** चेक पोस्ट समीप दामोदर नदी तट स्थित गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर की गयी बैठक। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया। सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर रामनवमी पूजा के दिन मेला लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं रामनवमी पर्व में एकजुट होकर बैंड बाजा के साथ गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण से भारत भारती विधालय, रोड़ साइड, पहाड़ी शिव मंदिर, उरीमारी बस्ती तक एवं उरीमारी क्षेत्र में जुलूस भ्रमण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीताराम किस्कू, डॉ जी आर भगत, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, लालो महतो, श्याम सुंदर प्रसाद, दशाराम हेंब्रम, भीम महतो, डॉ सुनील कुमार, गणेश राम, अजय मिश्रा, रवि पवरिया, दिपक कुमार यादव, कुला प्रजापति, कृष्णा साव, रेवा यादव, शिबू ठाकुर, चंदू जायसवाल, मन्नू टुडू, बेनी साव, साधू, सुजीत साव, सुनील गुप्ता, अनिल, उमेश साव, नरेश प्रजापति, सोहन, राजू ठाकुर, शिवा महतो, इंद्रजीत पाण्डेय, श्याम, किशोर, आनंद राम आदि मौजूद थे।

ADMISSION OPEN FOR D.El.Ed. COURSE
SESSION 2023-25
GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION
NAAC Accredited with 'B' Grade, B.Ed. & D.El.Ed. College
Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneswar
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag and JAC, Ranchi
SATPULIA, GUMO, P.O. : JHUMRI TELAIYA, DIST. KODERMA - 825409 (JHARKHAND)
ELIGIBILITY FOR D.El. Ed. :
Intermediate (+2) with at least 50% marks for General & 45 % marks for ST/SC/OBC/PWD Candidates.
Application form with prospectus to be obtained from college office on payment of cash or demand draft of Rs. 800/- only during working hours (10 am to 5 pm) from March 16, 2023. Forms can also be downloaded from www.grizzlycollege.org and sent by speed post along with D/D of required amount.
FOR MORE DETAILS CONTACT : 7070098793, 7070098799
LAST DATE FOR SUBMISSION OF FORMS : 31/03/2023

# छावनी परिषद चुनाव में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर परेशान रहे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद निर्धारित सूचना के तहत 17 मार्च को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तारीख घोषित की गयी थी। निर्धारित समय पर सूची में नाम दर्ज कराने वाले आवेदकों का हुजूम उमड़ पड़ा। शुक्रवार को छावनी कार्यालय परिसर भीड़ से पट गया। इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस बल, आर्मी जवान और खुद छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी परेशान दिखे। हालांकि निर्धारित समय के 1 घंटे विलंब से कार्य शुरू हुआ। इस दौरान लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल रहा। भीड़ में नाम दर्ज कराने को सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष छावनी परिषद कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान भारी मशक्कत के बाद लोग कार्यालय तक प्रवेश करते दिखे।

**मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को अलग-अलग वार्ड के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे :** मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अलग-अलग वार्ड के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे। लेकिन इस दौरान भी अधिकारियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। वही परेशान लोग बार-बार छावनी परिषद की व्यवस्था पर आक्रोशित होते रहे। लोगों को कहना था कि आवेदन देने व गवाह को लाने के बावजूद काफी देर हो रही है, इस बीच कतार में खड़े लोग कई लोग वापस चले गए, कई लोगों का गवाह के अभाव में नाम मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं हो सका, जबकि आवेदकों की उपस्थिति नहीं होने पर उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। कई लोगों की शिकायत थी कि उन्हें उपस्थित होने से संबंधित सूचना ही नहीं मिली वार्ड नंबर 7 के संस्कार कॉलोनी के लोगों ने कहा कि नोटिस का कोई भी रिसिविंग हम लोगों तक नहीं पहुंचा है। इसके अलावा अन्य वार्डो की भी समस्या कुछ इसी प्रकार भी थी।

**आर्मी के तीन अधिकारी थे जांच में शामिल :** छावनी परिषद में आवेदकों की जांच के लिए परिषद के अध्यक्ष की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल शशि भूषण लेफ्टिनेंट कर्नल निलेश भागवत और मेजर के शर्मा को नियुक्त किया गया था।

**समय समाप्त होने के बावजूद लोगों की भीड़ जमा रही :** मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर लोग इतने परेशान थे कि समय समाप्ति के बावजूद छावनी परिषद कार्यालय में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा रहे। छावनी परिषद के कर्मचारियों द्वारा समझाने और गेट बंद करने के बावजूद लोग हो हंगामा करते देखे गये।

# ग्रामीणों ने संचालन समिति में सदस्यों को जोड़ने को लेकर सेल का लोडिंग कार्य किया बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** तोपा परियोजना लोकल रोड सेल में उचित भागीदारी के तहत सेल संचालन समिति में दो और सदस्यों को जोड़ने व छुटे हुए विस्थापित परिवारों को जोड़ने को लेकर मंगरदाहा के ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को अनिश्चितकालीन आंदोलन के तहत कोयला लोडिंग करने आये ट्रकों का कांटा नहीं होने दिया गया। जबकि कोयला लोड डंपर का कांटा कार्य जारी है। इस बन्दी के कारण कांटा घर के समीप दर्जनों ट्रक वजन कराने के लिए खड़ी है। इधर, कोयला लोड करने आये ट्रको का कांटा नहीं होने की जानकारी पाकर सेल संचालन समिति के सदस्य राम भजन लाल महतो और ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए पन्द्रह दिनों का समय मांगते हुए मांग पूरा कराने का आश्वासन दिया। वही, ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि संचालन समिति को एक माह पूर्व आवेदन के माध्यम से मामले से अवगत कराया गया था। जहां समिति के सदस्यों ने इस मामले में उचित पहल करने का वायदा किया था, लेकिन अब तक नहीं किया गया। आवेदन के माध्यम से कहा गया है कि हम सभी मंगरदाहा वासी सेल से जुड़े हुए हैं। सेल में सभी गांव की भागीदारी प्रतिशत के अनुसार है, उन्हीं के अनुसार लाभ मिलता है। लेकिन कमेटी में मंगरदाहा और बनवार का प्रतिशत भागीदारी बराबर नहीं है। जबकि सीसीएल में भूमि अधिग्रहण एवं नुकसान सबसे ज्यादा मंगरदाहा के ग्रामीणों का हुआ है। इसलिए मंगरदाहा से कमेटी में दो और सदस्यों को जोड़ना अति आवश्यक है। क्योकि, बनवार के तीन सदस्यों को कमेटी में रखा गया है। जबकि मंगरदाहा के सिर्फ एक सदस्य को सेल में जगह दिया गया। जो कहीं से उचित नही है। जारी आंदोलन विनोद गंझू के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सेल संचालन समिति द्वारा पहल नहीं किए जाने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखने की बात कही। मौके पर मंगरू गंझू, प्रकाश गंझू, जितेंद्र गंझू, आनंद, लालदेव, निर्मल, हीरा रविदास, राजेंद्र राम, खिरोधर गंझू, सोमर गंझू, बॉबीदयाल गंझू, नरेंद्र गंझू, अनिल कुमार दास, राहुल कुमार दास, धनेश्वर गंझू, बिरसा गंझू समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल है।

# युवती ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा ।** नाबालिक ब्लाइंड मर्डर केश का चौबीस घंटों के भीतर पुलिस ने खुलासा किया। मृतिका के प्रेमी अनमोल पांडेय ने ही पुराने प्रेम विवाद से नाराज होकर युवती को मौत के घाट उतारा। गांव के ही दो अन्य युवकों ने भी हत्याकांड में अनमोल को साथ दिया था। घटना के बाद एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने किया खुलासा। कांड में प्रयुक्त खून लगा चाकू, घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहना गया कपड़ा, मृतिका का खून सना दुपट्टा, मृतिका का टूटा हुआ मोबाइल एवं कवर, घटनास्थल से खून लगा मिट्टी व अभियुक्तों का विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल फोन जप्त किया गया। हत्याकांड में शामिल दो अन्य आरोपियों अमित पांडेय और राजदीप पांडेय का मृतक के परिवार से चल रहा था पुराना भूमि विवाद। शादी समारोह में शिरकत करने गए युवती को घर से बुलाकर प्रेमी ने मौत के घाट उतारा था। डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया। एसआईटी सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआई बिना कुमारी व निरंजन कुमार समेत सशस्त्र बल व तकनीकी शाखा के जवान शामिल थे।

# आरबी हॉस्पिटल ने निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** आरबी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के सौजन्य से शुक्रवार को जिले के लावालौंग बाजार स्थित डाकबंगला चौराहा के पास निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी शंकर साव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से आए 400 से अधिक मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। जरूरत के हिसाब से मरीजों के बीच दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर में जेनरल फिजिशियन डॉ तिबिन थॉमस, हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ सैयद नेसार अहमद व डॉ अवशेष त्रिपाठी ने मरीजों का उपचार किया एवं परामर्श दिया। शिविर का संचालन कर रहे आरबी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक जीएस राजू व विनय कुमार केसरी ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है नियमित रूप से किसी ना किसी प्रखंडों में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी निमित्त शुक्रवार को लावालोंग प्रखंड में शिविर आयोजित कर वहां के लोगों का इलाज किया गया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल कर्मी मो इरफान, नबील सरवर, विजेता सिंह, सुमन कुमारी, मीना कुमारी, अशोक मिश्रा, अशोक यादव, नंदकिशोर यादव, मो इस्लाम, अनिल कुमार, क्यामुदुदीन, सीमा, आदि ने अहम भूमिका निभायी।

# व्यावसायिक संघ टंडवा ने थाना प्रभारी को सौंपा पत्र

**टंडवा(आजाद सिपाही संवाददाता)।** व्यवसायिक संघ टंडवा का वार्षिक वर्षगांठ को लेकर आगामी 25 मार्च को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाने के लिये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह को व्यवसायिक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने पत्र सौंपी। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि अपार हर्ष के साथ टंडवा व्यवासियों को सूचित किया जाता है कि व्यवसायिक संघ टंडवा का 2 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत 25 मार्च को वार्षिक वर्षगांठ एवं सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण हेतु एक दिन संघ से जुड़े सारे प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया गया।बंद से आम जनमानस को असुविधा के लिए संघ को खेद है, इस बंदी में जीवन रक्षक दुकानें खुली रहेंगी जैसे दूध,दवा, पानी की दुकान इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आपसे सहयोग की उपेक्षा किया गया है। इसके लिए टंडवा व्यवसायिक संघ आप सभी का आभारी रहेगा।

# डीसी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बैठक की। इस दौरान बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा डीसी माधवी मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गयी कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष 2 मामले सामने आये हैं। बैठक के दौरान डीसी ने अन्य अधिकारियों के साथ दोनों मामलों के तहत अब तक किए गये कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

**क्या है अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989**

यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है। **क्या है विशेषताएं :** यह अनुसूचित जातियों और जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अपराधों को दंडित करता है। यह पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है। यह अदालतों को स्थापित करता है, जिससे मामले तेजी से निपट सकें।

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753 006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK - 753 006, (ODISHA), INDIA
Ph.:0671-2367768-783, Fax:0671-2367663
Advertisement No. 51/PA-I/2022-23
Walk-in-Interview is to be held on **24.03.2023** for selection of **one (01) Project Associate-I (PA-I)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Engineered mesoporous silica nanoparticle-biochar complex for decontamination of phosphate any glyphosate in water" (EAP-396).** The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website-**https://icar-nrri.in.**
PRINCIPAL INVESTIGATOR

## पुलिस ने प्रज्ञा केंद्र संचालक को भेजा जेल

**पतरातू (आजाद सिपही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के कोतो पंचायत निवासी जितेंद्र महली जो प्रज्ञा केंद्र संचालक के रूप में रह कर विभिन्न पंचायत के मुखिया का मुहर बनाकर विभिन्न आवेदनों पर जाली हस्ताक्षर करने के आरोप में शुक्रवार को धारा 420, 465, 468, 484 के आरोप में पतरातू पुलिस ने जेल भेज दिया ।

## राकमवि में पंचायत साक्षरता समिति का पुनर्गठन



**भुरकुंडा(आजाद सिपही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सचिव जिला साक्षरता समिति, रामगढ़ के आदेशानुसार शुक्रवार को बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। बैठक में पंचायत स्तरीय साक्षरता समिति 2023 का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्यवंती देवी (मुखिया) सचिव नरेश हजाम (पंचायत सचिव), रवीश कुमार प्रधानाध्यापक, किरण सिंह आंगनबाड़ी सेविका, रंजू सिंह सहिया, छुबी देवी जल सहिया, बिनोद कुमार पुरुष साक्षरता कर्मी, ज्योति लकड़ा महिला साक्षरता कर्मी, समाजसेवी राजू नायक, भरत व इसरत जहां शामिल हैं। पंचायत स्तरीय साक्षरता समिति का कार्य शिक्षा के महत्व को देखते हुए ग्राम पंचायत के वैसे युवा व बुजुर्ग नागरिक जो किसी कारणवश पढ़-लिख नहीं सके हैं, वैसे समस्त नागरिकों को शिक्षित करना है। ताकि ग्राम पंचायत पूर्ण रूप से साक्षर हो सकें।

## यूनियनों की हाथीदाड़ी खदान में हुई मीटिंग



**भुरकुंडा(आजाद सिपही)।** भुरकुंडा हाथीदाड़ी खदान के समीप शुक्रवार को सीटू से संबद्ध यूनियन बीसीकेयू, एनसीओईए, जेसीएमयू, राप्रवयू की पीट मीटिंग हुयी। इसकी अध्यक्षता किरण कुमार ने की। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली में संसद घेराव के लिए कोयला मजदूरों को जाना जरूरी है। सीटू से संबद्ध यूनियन के लोग हजारों की संख्या में पूरे भारत के कोने-कोन से संसद घेराव कार्यक्रम में दिल्ली पुहंचेगे। वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार कोयला मजदूरों का हुआ 11वां वेतन समझौता भी लागू नहीं कर रही है। वहीं श्रम कानूनों में तब्दीली कर रही है, जिससे कोयला मजदूरों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। कहा गया कि सबों को एकजुट होकर सरकार को जगाने दिल्ली जाना होगा। पीट मीटिंग को अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, बासुदेव साव, संजय वर्मा, दशरथ सिंह, बासुदेव उरांव आदि ने संबोधित किया। मौके पर गणेश राम, राजेंद्र मुंडा, अशोक सिंह, निरंजन पटेल, राजेंद्र कुमार, सुखलाल माझी, तुला खान, छोटेलाल बेदिया आदि मौजूद थें।

## रामनवमी मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**कुजू(आजाद सिपही)।** बासन्ती दुर्गा पर्व व रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर दिगवार के ग्रामीणों ने काली मंदिर प्रांगण में बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने पर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए तैयारी समीक्षा की। साथ ही, ग्रामीणों ने पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर समिति का गठन किया। जिसमें सहदेव प्रसाद को अध्यक्ष, सीताराम प्रसाद को उपाध्यक्ष, जागो महतो को सचिव, बबलू कुशवाहा को उपसचिव, उमेश प्रसाद को कोषाध्यक्ष, विनोद कुशवाहा को उपकोषाध्यक्ष, रंजीत कुशवाहा को सांस्कृतिक मंत्री, शुभम शर्मा को उप सांस्कृतिक मंत्री के रूप में मनोनीत किया गया। जबकि संरक्षक के रूप में अरुण कुमार कुशवाहा, खेमलाल महतो, महेंद्र राम, अर्जुन महतो, दिलेश्वर कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, मंटू प्रसाद, संतोष प्रसाद, विनोद प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, रामाधार प्रसाद, कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, डॉ रोहनलाल शामिल है। मौके पर धनेश्वर महतो, रामनारायण महतो, अनु प्रसाद, प्रीतम कुमार, हिमांशु कुमार, राजेश गिरी, फुलेश्वर महतो, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, रामाशंकर कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, सौरभ कुमार, सुनील कुमार, संतोष प्रसाद, अर्जुन महतो, महेंद्र महतो, सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की हुई मौत



**कुजू(आजाद सिपही)।** क्षेत्र के बहेराटांड़ स्थित रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की शाम मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार युवक शंकर बेसरा पिता घुलेटन मांझी मोढ़ा बस्ती गिद्दी निवासी बहेराटांड़ में अपने बहन के यहां रह रहा था। जानकारी के अनुसार बेहराटांड़ 0 प्वाइंट ट्रैक के समीप से पोल 123/11 के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सं. ETELCONBBST-341E
**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अंतर्गत सोनपुर (को छोड़कर) से पुरुणाकटक (के सहित) के बीच नयी लाइन के निर्माण से संबंधित 25KV OHE (98 TKM) के डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं शुरुआत एवं पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अंतर्गत सोनपुर (को छोड़कर) से पुरुणाकटक (के सहित) के बीच PSI कार्य से संबंधित नयी सब-सेक्शनिंग एवं पैरलेलिंग पोस्ट (SSP)-4 संख्यक एवं नयी सेक्शनिंग पोस्ट (SP)-1 संख्यक के डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं शुरुआत।
**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 51,93,28,982.45, EMD : ₹27,46,700/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 8 महीने।
बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 28.03.2023।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 11.04.2023 को 1500 बजे ।
ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है ।
मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-180/CF/22-23

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या: GEM/2023/B/3249050
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा (e-tender) Two Packet System में GEM Portal में कस्टम बिड के रूप में आमंत्रित की जाती है।
1. **कार्य का नाम:** धनबाद डिवीजन के धनबाद, बरकाकाना और चौपन क्षेत्र के विभिन्न साइडिंग में दो साल की अवधि के लिए Unloadable वैगनो का on Train वेल्डिंग रिपेयरिंग कार्य कराना। 2 **संविदा की अवधि:** 2 वर्ष/24 महीना 3. **कार्य स्थान:** धनबाद डिवीजन के धनबाद, बरकाकाना और चौपन क्षेत्र के विभिन्न साइडिंग 4. **कार्य की प्रकृति:** कांट्रेक्टर को धनबाद डिवीजन के धनबाद, बरकाकाना और चौपन क्षेत्र के विभिन्न साइडिंग में रात-दिन हरेक शिफ्ट में Unloadable वैगनों का वेल्डिंग रिपेयरिंग कार्य कराना है। 5. **अनुमानित बोली मूल्य:** रु. 9,32,77,740.24 (रुपया नौ करोड़ बत्तीस लाख सततर हजार सात सौ चालीस एवं पैसा चौबीस) मात्र। 6. **बयाना राशि:** रु. 6,16,400/- (रुपया छह लाख सोलह हजार चार सौ) मात्र। 7. **निविदा जमा करने का तारीख तथा समय:** 15.03.2023 से 05.04.2023 को 17:00 बजे तक 8. **निविदा खुलने का तारीख तथा समय:** 05.04.2023 को 17:30 बजे। 9. **बेवसाइट विवरण:** http://www.gem.gov.in
ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।
कृते वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि) पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/02358/डीएचएन/एमईसीएच/टी/22-23/40

# पाकिस्तान में अशांति

कर्ज और आर्थिक बदहाली से घिरे पाकिस्तान में मंगलवार से शुरू हुआ इमरान खान को गिरफ्तार करने का हाईटेंशन ड्रामा आखिरकार बुधवार तीसरे पहर तक समाप्त हो गया। तोशाखाना के उपहार मामले में इमरान खान के लिए गैर जमानती वॉरंट जारी हुआ था। इसे तामील करने के लिए लाहौर में पुलिस जब उनके घर पहुंची तो इमरान समर्थकों ने उसे रोक लिया। पूरी रात इमरान खान के समर्थक उनके घर के बाहर डटे रहे तो पुलिस ने भी जमकर आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें कीं। इस दौरान इमरान समर्थकों ने भी आगजनी की, पुलिस वालों को पीटा तो पाक सेना से रेंजर्स बुला लिये गये। रेंजर्स के आने के बाद इमरान खान ने आरोप लगाया कि 'लंदन' के इशारे पर सेना उनकी हत्या करना चाहती है। दरअसल, पूर्व पीएम नवाज शरीफ इन दिनों लंदन में निर्वासित हैं। बहरहाल, निहत्थे लोगों से चौबीस घंटे से भी अधिक वक्त तक चले संघर्ष के बाद जब बुधवार को इमरान की गिरफ्तारी पर दुनिया भर की नजरें टिक गयीं, तब कहीं जाकर पुलिस और रेंजर्स पीछे हटे। हालांकि पाक सरकार पीछे हटने की वजह लाहौर में होने वाले पाक क्रिकेट लीग का मैच बता रही है, मगर साफ है कि यह संघर्ष लंबा खिंचता तो कहीं न कहीं पाकिस्तान को मिलने वाली माली इमदाद पर भी असर पड़ता, जिसे पाने के लिए वह पिछले काफी दिनों से छटपटा रहा है। फिलहाल लाहौर में शांति है, मगर जिस तरह से तहरीक-ए-इंसाफ ने देश भर में आंदोलन का एलान किया है, कहा नहीं जा सकता कि यह शांति कितने दिनों तक बरकरार रहेगी। पाकिस्तान में सेना को लेकर इमरान ने जैसा कड़ा रुख अख्तियार किया है, सेना भी अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। इमरान ने सेना प्रमुख पर भी उनकी हत्या करने साजिश रचने का आरोप लगाया है। हालांकि सेना का कहना है कि सेना प्रमुख आसिम मुनीर घटना के वक्त वहां से 750 किलोमीटर दूर वजीराबाद में थे, इसलिए उनका इस मामले से कोई कनेक्शन नहीं है। मगर लोग सेना का भरोसा नहीं कर रहे हैं, तो इसका साफ मतलब है कि इमरान अपनी बात आम लोगों तक पहुंचाने में कामयाब रहे हैं। वैसे इमरान कोई पहले नेता नहीं हैं, जो सेना के आक्रोश का सामना कर रहे हैं या फिर जिन्होंने तोशाखाना से उपहार न लिए हों। खुद तोशाखाने की रिपोर्ट में है कि 2002 के बाद वहां जितने भी पीएम बने, किसी ने भी अपने उपहार नहीं छोड़े। लेकिन इमरान उन सभी नेताओं में पहले नेता जरूर हैं, जो सेना की हरकतें और बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान में जितने भी साहित्य समारोह हुए, ढेरों पाकिस्तानी साहित्यकारों ने किसी न किसी तरह से सेना और अपनी सरकार को ऐसी हरकतों के लिए कटघरे में खड़ा किया और इमरान खान की खुलकर तारीफ की। जाहिर है कि मंगलवार और बुधवार को लाहौर में सुरक्षा बलों और इमरान समर्थकों के बीच जो कुछ हुआ, उससे इस्लामाबाद को एक बड़ा संदेश तो गया ही है।

**पाक सरकार पीछे हटने की वजह लाहौर में होने वाले पाक क्रिकेट लीग का मैच बता रही है, मगर साफ है कि यह संघर्ष लंबा खिंचता तो कहीं न कहीं पाकिस्तान को मिलने वाली माली इमदाद पर भी असर पड़ता, जिसे पाने के लिए वह पिछले काफी दिनों से छटपटा रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जेम्स माइकल लिंगदोह को मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर जाना जाता था, जिनका नाम गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री द्वारा लगातार दोहराया गया था। जब चुनाव आयोग द्वारा गुजरात में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गयी, तो नरेंद्र मोदी तारीखों में बदलाव चाहते थे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) ने बाध्य नहीं किया।**

# चुनाव आयुक्त सभी दलों के प्रति निष्पक्ष और न्यायपूर्ण हों

**ज़ूलियो रिबैरो**






क्या सर्वोच्च न्यायालय ने हमारे संविधान द्वारा निर्धारित शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का पालन किया जब उसने अन्य हितधारकों से परामर्श किए बिना मुख्य चुनाव आयुक्त और 2 चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करने के कार्यपालिका के विशेष अधिकार के खिलाफ फैसला सुनाया? इस सवाल पर राजनीतिक गलियारों में बहस हो रही है और लोग सत्तारूढ़ दल के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि गेंद अब पूरी तरह से उसके पाले में है।

व्यक्तिगत रूप से मुझे खुशी है कि सर्वोच्च न्यायालय की 5 जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला किया है जनता की बेहतर सेवा की जाएगी यदि अधिक व्यापक सम्मति में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) विकल्प के तौर पर शामिल होंगे। अगर सरकार न्याय और निष्पक्षता के लिए जनता की भावना को शांत करने के लिए किसी अन्य सूत्र के साथ जा सकती है तो वह चयन की प्रक्रिया को निर्धारित करने के लिए कानून ला सकती है। संविधान ने खुद ही सुझाव दिया कि नियम बनाने की जरूरत है, जो 6 दशक बीत जाने के बाद भी नहीं बनाये गये।

जेम्स माइकल लिंगदोह को मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर जाना जाता था, जिनका नाम गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री द्वारा लगातार दोहराया गया था। जब चुनाव आयोग द्वारा गुजरात में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गयी, तो नरेंद्र मोदी तारीखों में बदलाव चाहते थे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) ने बाध्य नहीं किया। इसलिए उनके द्वारा बार-बार मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम की पूरी तरह से घोषणा की गयी, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि सीइसी एक ईसाई धर्म से संबंधित हैं, जो भाजपा को उपकृत करने के लिए तैयार नहीं थे।

**वोट डालने की वास्तविक प्रक्रिया की अखंडता और मतपेटियों की सुरक्षा दूसरी बात है।**

संयोग से लिंगदोह मेघालय राज्य के एक खासी आदिवासी और एक अच्छी ख्याति के आइएएस अधिकारी थे, जो एक ईसाई घर में पैदा हुए थे, लेकिन अपने छात्र या कामकाजी वर्षों में नास्तिक बन गये। मुझे नहीं पता कि कब वह एक निष्कपट अधिकारी थे, जो अपनी अंतर्रात्मा के अनुसार जल्दी और दृढ़ता से निर्णय लेते थे। मोदी का आरोप है कि लिंगदोह ने भाजपा के खिलाफ शासन किया, क्योंकि वह एक ईसाई थे और सच्चाई से बहुत दूर थे।

इस पूरे प्रकरण से मुझे जो पता चला वह यह था कि मोदी को लगा कि वह अपनी इच्छाएं पूरी करने के हकदार हैं। मैं तब मानता था कि जहां भी कार्यपालिका और अकेले कार्यपालिका की पसंद थी, मोदी उस कार्यकारिणी का नेतृत्व करते थे। चुने गये अधिकारी वे होंगे जो उनके अनुरोधों का पालन करने की संभावना रखते थे। कोई आश्चर्य नहीं कि चुनाव आयोग जैसी संस्था जिसने टीएन शेषण के समय से लेकर कुरैशी के समय तक अपनी अच्छी प्रतिष्ठा बनायी थी और सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार के लिए विदेशों में भी उसकी प्रशंसा की जाती थी, यह संस्था धीरे-धीरे अपनी चमक खो चुकी थी।

यह खुशी की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया और फैसला सुनाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की भविष्य की नियुक्तियों में विपक्ष के नेता या लोकसभा में विपक्ष में प्रमुख पार्टी तथा सीजेआइ विकल्पों पर निर्णय लेने के लिए त्रिमूर्ति के रूप में बैठने चाहिए। सत्ता में पार्टी को केवल आयुक्त को नामित करने के लिए दायित्व सौंपा नहीं जा सकता, क्योंकि तब हितों का टकराव पैदा होगा।

प्रत्येक नागरिक इस बात से सहमत होगा कि चुनाव आयोग का नेतृत्व उच्च सत्यनिष्ठा और योग्यता के अराजनीतिक अधिकारियों द्वारा किया जाना चाहिए जो किसी भी व्यक्ति से प्रभावित नहीं होंगे। हमारे आइएएस कैडरों के पास ऐसे कई पुरुष और महिलाएं उपलब्ध हैं। ऐसे कई ईमानदार अधिकारी हैं जो निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मुद्दों पर शासन करेंगे। मतदान की तारीखों का निर्धारण एक ऐसा मुद्दा है, जो राजनीतिक दलों के लिए मायने रखता है।

वोट डालने की वास्तविक प्रक्रिया की अखंडता और मतपेटियों की सुरक्षा दूसरी बात है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा जिसने पिछले कुछ समय से नागरिकों को परेशान किया है, वह चुनावी बयानबाजी का स्वर, स्वभाव और आयोग द्वारा निर्धारित आचार संहिता के प्रति उनका लगाव है। इसकी बेहतर निगरानी की जानी चाहिए और अपराधों को रिकार्ड किया जाना चाहिए और उपयुक्त रूप से दंडित किया जाना चाहिए।

निष्पक्ष और वास्तव में स्वतंत्र चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की समस्या का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया गया समाधान आदर्श या अंतिम समाधान नहीं हो सकता। सभी संस्थाएं उतनी ही अच्छी या उतनी ही बुरी होती हैं, जितने वे लोग हैं जो इसे संचालित करते हैं। यहां तक कि सीजेआइ कार्यालय में जब तीन की सम्मति की बैठक होती है, तो वह बिना किसी पक्षपात के व्यक्ति नहीं हो सकता है, लेकिन 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा चुना गया विकल्प सबसे अच्छा प्रतीत होता है, जिस पर मौजूदा परिस्थितियों में विचार किया जा सकता है।

वर्तमान सीबीआइ निदेशक सुबोध जायसवाल महाराष्ट्र में एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उन्हें एक तिकड़ी द्वारा चुना गया था जिसे अब चुनाव आयुक्तों को चुनने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान के रूप में चुना गया है। यह एक बुद्धिमान विकल्प था, लेकिन फिर वह मनीष सिसोदिया के पीछे जाने को तैयार क्यों हुए? यह केवल समय बतायेगा। सुबोध का दो साल का कार्यकाल अगले महीने पूरा हो रहा है। उनके पद को छोड़ने के बाद ही हमें सच्चाई का पता चलेगा।

लोग उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयुक्त सभी दलों के प्रति निष्पक्ष और न्यायपूर्ण होंगे। उन्हें आचार संहिता को सख्ती से लागू करना चाहिए जैसा कि टीएन शेषन ने किया था। कार्यालय में टीएन शेषन का अनुसरण करने वाले अधिकांश मुख्य चुनाव आयुक्तों ने ठीक नहीं किया।

एक चुनाव आयुक्त अशोक लवासा थे, जिन्होंने अपनी शपथ के प्रति ईमानदार रहना चुना और परिणामस्वरूप संदिग्ध निर्णयों पर अपने दो सहयोगियों से मतभेद रखे, को उनकी अवधि समाप्त होने से पहले ही चतुराई से हटा दिया गया। उनकी पत्नी, उनकी बहन और उनके बेटे को आयकर इडी पूछताछ का विषय बनाया गया था।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब व पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# नव वर्ष यात्रा के लिए भूमि एवं ध्वज की पूजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हिंदू जन जागरण मंच के तत्वाधान में शुक्रवार शाम चार बजे एग्रिको चौक पर 21 मार्च को हिंदू नव वर्ष यात्रा के लिए भूमि एवं ध्वज की पूजा की गयी। इस अवसर पर काफी संख्या में युवा और महिलाएं उपस्थित थीं।

अतिथि स्वरूप कीड़ा भारती से राजीव, विश्व हिंदू परिषद से मनीष, हिंदू राष्ट्र नवनिर्माण से अक्षय कोड़ा और नागेंद्र उपाध्याय उपस्थित थे। शंखनाद एवं जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पूरे नगर को भगवा झंडों से सजाया जायेगा।

वीरांगना मंजू सिंह ने बताया कि हिंदू नव वर्ष हम प्रत्येक घर तक मनाने के लिए अनुरोध करते हैं, ताकि हमारे बच्चे नव वर्ष के बारे में जाने। राष्ट्र के निर्माण में हमारी संस्कृति हमारी धरोहर है। अतः इस यात्रा में हम सभी बहनों से निवेदन करते हैं कि आप इसका अवश्य हिस्सा बने। हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता और संस्कार पर गर्व है।

# नवरात्र, रामनवमी और सरहुल को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर थाना परिसर में वासंतिक नवरात्र, रामनवमी एवं सरहुल पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति, समन्वय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में तीनों त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में रामनवमी के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए पुलिस फोर्स की मांग की गयी। रामनवमी जुलूस निकलनेवाले स्थानों में जर्जर हाल बिजली के तारों को ठीक करना, पेयजल की व्यवस्था करना, भड़काऊ गीत संगीत पर पाबंदी लगाने को लेकर आयोजित बैठक में बीडीओ अमित कुमार श्रीवास्तव, पुलिस निरीक्षक इंद्रदेव राम, थाना प्रभारी अनुज कुमार, अनि हर्ष कुमार साह, अभिनय कुमार, शकील अहमद खान,आरक्षी कृष्णा कुमार, महिला आरक्षी सुषमा टोप्पो, बिजली विभाग के जेई अमीर हमजा, शांति समिति की अंजलि बोस, रामानंद प्रसाद वर्मा, शशिकांत ओझा, रोड़ेया सोरेन, चम्पाई मुर्मू, प्रवीर दे ढाली, उषा शर्मा, मुखिया पोमा बास्के, मुखिया नीरज सिंह सरदार, कानू मुर्मू, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य अनमोल वर्मा, पप्पू शर्मा, करण साहू, सुंदरनगर चौक श्री श्री बजरंगबली अखाड़ा समिति के लाइसेंसी अशोक अग्रवाल, सुंदरनगर बासंती पूजा के लाइसेंसी सब्रतो बासु, विवेक कुमार त्रिवेदी,बापी सेन, संतन कुमार ओझा, नारू दादा, विकास सिंह और सुभाष सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अनुकंपा पर नौकरी पाने के मकसद से कर दी थी पति की हत्या

# चाइबासा कोर्ट ने सुनायी आजीवन कारावास की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** प्रधान न्यायाधीश चाईबासा की अदालत ने शुक्रवार को हत्या के एक पुराने मामले में सुनवाई करते हुए हत्या की दोषी महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनायी है। दरअसल, अभियुक्त अनीता देवी उर्फ अनीता सिंह ने अनुकंपा पर नौकरी पाने के मकसद से पति की हत्या कर दी थी।

**26 नवंबर 2017 को मुफस्सिल थाना में दर्ज की गई थी प्राथमिकी:** बता दें कि 26 नवंबर 2017 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त अनिता देवी उर्फ अनिता सिंह के विरुद्ध अपने पति राजीव कुमार सिंह की हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

**पति की हत्या कर शव को लटका दिया था पंखे से:** अनुकंपा पर नौकरी पाने के उद्देश्य से अनिता देवी उर्फ अनिता सिंह ने अपने पति को 25 जनवरी 2017 की शाम हत्या कर शव को सीलिंग पंखा के सहारे लटका दिया था।

**पुलिस ने आरोपी को पूर्व में जेल भेज दिया था :** अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने इस कांड की प्राथमिकी अभियुक्त अनिता देवी उर्फ अनिता सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था।

**दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला:** जिसके आधार पर उक्त कांड का विचारण के क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पश्चिम सिंहभूम चाईबासा न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद अभियुक्त अनिता देवी उर्फ अनिता सिंह को आजीवन कारावास और 10 हजार जुर्माना की सजा सुनायी है।

# प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का बैडमिंटन चैंपियनशिप मोहन आहूजा इनडोर स्टेडियम में शुरू किया गया। शुक्रवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल के नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का 20 मार्च चलेगी। प्रतियोगिता में शहर के सैकड़ों पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार, टाटा स्टील कॉर्पोरेट हेड रूना राजीव, टाटा स्टील स्पोर्ट्स के चीफ मुकुल चौधरी सहित सभी अखबारों के संपादकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रजलित कर किया। मौके पर कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार ने कहा टाटा स्टील व शहर के पत्रकारों का समाज में अभूतपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा मीडिया लोकतंत्र के प्रहरी हैं। वहीं टाटा स्टील समाज कल्याण के लिए सदा आगे रहता है। कोल्हान आयुक्त ने कहा इस तरह के शानदार संयुक्त प्रयास से सभी में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इससे खेल के प्रति पत्रकारों का उत्साह बढ़ेगी।वही टाटा स्टील कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की हेड रुना राजीव ने कहा खुशी की बात है आज प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में 100 से अधिक मीडिया प्रतिभागी भाग लिए। प्रतिदिन केस रूटिंग कार्य को करने बाद बैडमिंटन चैंपियनशिप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का मौका मिला। इसके अलावा हेल्थ चेकअप व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन करे। ताकि मीडिया कर्मी अपने परिवार को भी शामिल कर सके।

वहीं टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग के चीफ मुकुल चौधरी ने कहा यह खेल देखने में जितना अच्छा लगता उतना ही खेलने में भी मजा आता है। हमारी शुभकामनाएं हैं सभी पत्रकार अपने तनाव को दूर कर खेल में मनोरंजन करें। वही प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा बैडमिंटन चैंपियनशिप में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें 10 महिला मीडिया कर्मी भी शामिल है। बीते साल भी बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। बीते दिनों क्रिकेट टूनामेंट के बाद, राइफल शूटिंग चैंपियनशिप अब मीडिया बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद वाटर पोलो का आयोजन किया जायेगा।

# चाइबासा इनरव्हील क्लब का महिला दिवस समारोह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** इनर व्हील क्लब चाईबासा शाखा की ओर से सदस्यों के बीच होली मिलन एवं महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें क्लब की सदस्यों ने अपनी प्रतिभा की बेहतरीन प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

रिमझिम पसारी एवं सिद्धी जिंदल ने नृत्य एवं पलक दोदराजका ने कविता पाठ कर सभी को प्रभावित किया। हिना ठक्कर, मंजरी पसारी और गीता शर्मा ने वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की स्थिति पर काव्य पाठ कर कार्यक्रम को सजीव बना दिया। इस मौके पर महिला कॉलेज बी एड विभाग की सहायक शिक्षिका डॉक्टर अर्पित सुमन भी उपस्थित रहीं. क्लब की अध्यक्ष मंजरी पसारी ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी इस मौके पर परिवार एवं समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि समाज में महिलाएं परिवार की मुख्य धुरी होती हैं। परिवार के संपूर्ण विकास में उनका योगदान अमूल्य होता है। महिलाओं को भी अपने व्यक्तित्व में लगातार विकास करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की संपादक श्वेता खुशबू दोदराजका एवं ममता जिंदल का प्रयास सराहनीय रहा। इस मौके पर क्लब की सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सुझाव यात्रा के तीसरे पड़ाव में मौदा पंचायत में बैठक

**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** सुझाव यात्रा के तीसरे पड़ाव के क्रम में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बहरागोड़ा के मौदा पंचायत के चौरंगी चौक बेल्डीह, पानिजा, मौदा समेत अन्य गांव में जाकर लोगों के साथ बैठक कर वर्तमान की राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की और लोगो से पूछा कि पिछले तीन सालो के वर्तमान विधायक की कार्यशैली पर उनकी क्या राय है और व्यवस्था मे सुधार हेतु उनका क्या सुझाव है। इस दौरान मौदा पंचायत के विभिन्न गांव में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने उनके कार्यकाल के दौरान 10 से ज्यादा लागू हुई योजनाओं को जनता के समक्ष रखा। कुणाल षाडंगी ने कहा कि सत्ताधारी विधायक के कार्यकाल में पानीजा गांव में अभी तक एक भी प्रधानमंत्री आवास किसी भी ग्रामीणों को नहीं मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संदर्भ को लेकर उपायुक्त बात करेंगे। इस दौरे के दौरान पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने पनीजा गांव के सोनू बिंधानी जो कि चलने फिरने में असमर्थ थे। उनको नाम्या स्माइल फाउंडेशन के तरफ से ट्राई साइकिल दी गयी। दुबराजपुर गांव के दृष्टिहीन दिव्यांग सुफल बासा को बल्लभ यूथ ऑगेर्नाइजेशन के तरफ से स्मार्ट स्टिक भी प्रदान किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## जर्जर सड़क पर उड़ती धूल से परेशान लोग विरोध में सड़क पर उतरे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-मझिआंव मार्ग स्थित उंचरी कर्बला के पास सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। सड़क जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क पर से काफी धूल उड़ रही है, जिससे वहां के लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। जबकि स्थानीय दुकानदार भी अपनी-अपनी दुकान के आगे प्लास्टिक एवं पर्दा लगाकर दुकानदारी कर रहे हैं। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर इसका विरोध जताया। स्थानीय लोगों ने कहा कि उड़ रही धूल की जानकारी जिला प्रशासन को दी गयी है लेकिन उक्त पदाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। एक सप्ताह के अंदर जिला प्रशासन द्वारा पहल नहीं की जाती है तो उंचरी मस्जिद के पास सड़क को जाम कर दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए झामुमो के युवा नेता शदाब खान, मुर्हरम कमेटी के सदर महफुज कुरैशी ने कहा कि सड़क पर धूल उड़ने के कारण सामने से आ रहे वाहन भी नहीं दिखाई देते हैं। जिससे दुर्घटना होने का संभावना बनी रहता है। मौके पर शेखर अली, अब्दुल खालिक कुरैशी, फैयाज खान, मंटू खान, इमरान अंसारी, अशरुद्दीन खान, जाहिद खान, कलाम मास्टर, जहीर अंसारी, नईम सिद्दीकी, सुनैद, विक्की राजा, साजिद खान, शादाब अली, मिंटू, आफताब, अरशद, गुलाम सरवर, चांद, छोटू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरटीइ के तहत आरकेपीएस में कक्षा एक में 25% सीट पर होगा नि:शुल्क नामांकन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा है कि आरके ग्रुप द्वारा संचालित सभी स्कूल क्रमशः आरकेपीएस गढ़वा, आरकेपीएस उंचरी, मंझिआंव व आरकेपीएस, अधौरा श्रीवंशीधर नगर उंटारी जो सीबीएसई नयी दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं, उनमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत कक्षा एक में सत्र 2023-24 के लिए 25 प्रतिशत सीट पर निःशुल्क नामांकन होगा। ऐसे जरूरतमंद एवं योग्य अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संबंधित स्कूल के अभिभावक 22 मार्च 2023 तक स्कूल कार्यालय में संपर्क कर अपने बच्चों का नामांकन करा सकते हैं। इसके लिए अभिभावकों को अपने बच्चों का आधार कार्ड की छायाप्रति, जन्म प्रमाण पत्र जिसमें बच्चों की आयु पांच वर्ष छह महीने से अधिक व सात वर्ष से कम एवं आय प्रमाण-पत्र जो सलाना 72000 से कम हो और बीपीएल कार्ड के साथ-साथ दो फोटो लाना जरूरी होगा।

## छठ पूजा एवं स्थापना दिवस मनाने को लेकर नारायण वन सूर्य मंदिर परिसर में की गयी बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सूर्यनारायण परिसर में शुक्रवार को 11 बजे दिन में छठ पूजा एवं स्थापना दिवस मनाने को लेकर एक अहम बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में छठ महापर्व का सफल आयोजन एवं भगवान सूर्य मंदिर स्थापना दिवस मनाने के साथ-साथ मंदिर विकास समिति का पुनर्गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया के वैसे पदाधिकारियों एवं सदस्यों की, जिनकी भूमिका निष्क्रिय रहती है उनके बदले उनके स्थान पर मंदिर विकास के प्रति समर्पित रहने वाले लोगों का चयन किया जाए। जिसके फलस्वरूप समिति के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपसचिव दिनेश कुमार गुप्ता को हटाया गया। उनके स्थान पर कोषाध्यक्ष के रूप में शिक्षक धनंजय तिवारी, उपाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा एवं उप सचिव नगीना वियार, संरक्षक रामेश्वर प्रसाद सिंह, राम प्रवेश वर्मा, अरुण सिंह, डॉ अशर्फी मेहता, मंगल सिंह के साथ-साथ 15 सूत्री सदस्य का गठन किया गया। इसके साथ-साथ निगरानी समिति का विघटन कर अनुशासन समिति का गठन किया गया। यह कमेटी मंदिर विकास समिति से सर्वोपरि है। इस समिति को मंदिर विकास समिति के वैसे पदाधिकारी एवं सदस्य जो अनुशासन नहीं बरतते हैं उन्हें चिन्हित कर समिति से निष्कासित करने का सर्वसम्मति से अधिकार दिया गया। साथ ही छठ महापर्व का सफल आयोजन एवं मंदिर का स्थापना दिवस बनाने हेतु निर्णय लिए गए। मौके पर निगरानी समिति के पदाधिकारी अजय वर्मा, मंदिर विकास समिति के सचिव रविकांत चंद्रवंशी, नवनियुक्त कोषाध्यक्ष धनजय तिवारी, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, रिशु कुमार सिंह, दिलकिशोर प्रसाद, शिव भरोष सिंह, मंगल सिंह, अरुण सिंह, राजकिशोर सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, चंददेव ठाकुर, महेशी वियार, शिव भरोश सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, राम चरितर चंद्रवंशी, महेशी वियार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**बैठक : जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश**

# दुर्घटना वाली जगहों को ब्लैक स्पॉट घोषित करें

**उपायुक्त ने सड़क हादसों के पश्चात सहायता करने वाले लोगों को प्रोत्साहन राशि देने पर भी किया विचार विमर्श**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर आज उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ ही विगत दिनों में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की एक-एक कर समीक्षा की। उपायुक्त ने वैसे क्षेत्र जहां सड़क दुर्घटना अधिक हो रहे हैं, उन सड़कों को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिससे उन क्षेत्रों को ब्लैक स्पॉट घोषित कर सड़क दुर्घटना को रोकने को लेकर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा भी कई आवश्यक सुझाव दिये गये। सड़क सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर जिले के मुख्य स्थानों में सीसीटीवी लगवाने पर भी चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने सड़क हादसों के पश्चात सहायता करने वाले लोगों को प्रोत्साहन राशि देने पर भी विचार विमर्श किया। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को बैनर होर्डिंग के माध्यम से इसे लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने को कहा। जिससे लोग प्रेरित होकर सड़क दुर्घटना जैसे मामले में आगे आकर लोगों की सहायता करें। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं हिट एंड रन संबंधित मामलों की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिससे ऐसे मामलों पर लगाम लगाया जा सके। बैठक में एसपी अंजनी कुमार झा, डीडीसी राजेश कुमार राय, डीएसपी संतोष कुमार, डीटीओ अनवर हुसैन, इओ नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार एवं इओ नगर पंचायत मंझिआंव, निकिता बाला, पथ निर्माण विभाग के अभियंता भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, एनएचएआई के प्रतिनिधि समेत गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर-नगर उंटारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में बाधा बनने के कारण हुई थी वार्ड सदस्य करमी देवी की हत्या

**पुलिस ने मृतका के पति कामेश्वर सिंह एवं प्रेमिका सबिता देवी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रेम प्रसंग में बाधा बनने के कारण सिंजो गांव की वार्ड सदस्या करमी देवी की हत्या हुई थी। पुलिस ने करमी देवी की हत्या का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल मृतका के पति कामेश्वर सिंह व गांव की ही उसकी प्रेमिका सबिता देवी जो एक बच्चे की मां है, को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में गढवा भेज दिया गया है। भंडरिया थाने के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भंडरिया थाना क्षेत्र के सिंजो गांव के बड़का दोहर मुड़सेरी तालाब से पिछले 15 मार्च को एक महिला का शव बरामद हुआ था। जिसके बाद मृतका के पिता के द्वारा अपने दामाद पर ही हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने का आवेदन दिया गया था। इसी के आलोक में भंडरिया कांड संख्या 13/023 धारा 302/201/34 भादवि के अन्तर्गत कांड अंकित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार इस कांड के उद्‍भेदन के लिए एक टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम के द्वारा मृतका के पति कामेश्वर सिंह से थाने पुछताछ की गई तो आरोपी ने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि गांव के ही एक बच्चे की मां सविता देवी से पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसमें मेरी पत्नी बाधा बनती थी। जिस कारण 15 मार्च को महुआ चुनने जंगल गयी करमी देवी की अपनी प्रेमिका सविता देवी के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को छुपाने की नियत से तालाब में फेंक दिया गया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मारुति नंदन अखाड़ा अध्यक्ष एवं विवेक सोनी बने कार्यकारी अध्यक्ष

**श्री राम जानकी अखाड़ा में श्री रामनवमी त्योहार एवं अखाड़ा विस्तार को लेकर की गई बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मंझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बाजार समिति में स्थित श्री राम जानकी अखाड़ा मंझिआंव के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष श्री रामनवमी त्योहार एवं अखाड़ा का विस्तार को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विवेक सोनी एवं उज्ज्वल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सभापति के रूप में मारुति नंदन सोनी को मनोनीत किया गया। बैठक में श्री रामनवमी त्योहार को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पूरे बाजार क्षेत्र सड़क के दोनों साइड सहित सभी गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों और घरों में महावीरी झंडा लगाने, अखाड़ा परिसर में एकम तिथि से अष्टमी तिथि तक सामूहिक सुंदरकांड का पाठ करने, अखाड़ा के द्वारा सप्तमी तिथि से ही ध्वज पूजन के साथ झांकी निकालने एवं श्री रामनवमी के दिन रथ के द्वारा झांकी निकालने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पदभार सौंपा गया।

बैठक में अध्यक्ष के रूप में मारुति नंदन सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सोनी, उपाध्यक्ष शिव नारायण कमलापुरी एवं वीरेंद्र प्रसाद, सचिव मनीष गुप्ता एवं टूकू कमलापुरी, कोषाध्यक्ष गुड्डू गुप्ता एवं उज्जवल, संगठन मंत्री दीपक माली एवं सह संगठन मंत्री नितेश कमलापुरी, मीडिया प्रभारी प्रिंस जायसवाल एवं अभिषेक कमलापुरी, कार्यक्रम प्रभारी बंटी मालाकार, वीरेंद्र कुमार, संरक्षक खुशी जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, प्रकाश सोनी, जितेंद्र कुमार, बृजमोहन शाह एवं स्वच्छता प्रभारी मालाकार किशोर पटवा, रिशु राज सोनी, अनुज कुमार, प्रतीक कमलापुरी, प्रभात कमलापुरी एवं सक्रिय सदस्य धनंजय चंद्रवंशी, विकास मालाकार एवं टाइगर ग्रुप की टीम अंशु जायसवाल, हंसराज सोनी सोनू, अंकित कुमार, सिद्धार्थ समलापुरी, प्रांजल कुमार, सिद्धार्थ जयसवाल, गणेश कमलापुरी, रोशन कुमार, अंकित कमलापुरी, चंदन कुमार, प्रिंस मालाकार, आयुष कुमार, मनीष कमलापुरी सहित अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गयी।

## मां शायर देवी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 मार्च से

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव 21 मार्च से शुरू होगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय रामचरित्र मानस यज्ञ, रासलीला तथा मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए यज्ञशाला का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने कहा कि मेराल तथा आसपास के गांव के हजारों लोगों के आस्था का केंद्र मां शायर देवी धाम के भव्य व आकर्षक मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष मंदिर संचालन समिति की ओर से राम चरित्र मानस यज्ञ आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को लेकर तैयारी जोरों पर है। मंदिर की सजावट एवं यज्ञशाला का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

मौके पर संरक्षक विनोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल सहित यज्ञशाला निर्माण कार्य में लगे कई कारीगर मौजूद थे।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98

(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–रामपुर थाना–हरिहरगंज, थाना नं0– 159**

**पत्रांक 161 (V)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023**

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रामपुर | 30 | 115/6 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | उमेश प्रताप सिंह पिता स्व0 पशुपती सिह | |
| 2 | | 6 | 190/1P | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 2 | पंकज कुमार पिता प्रयाग राम | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 292762 Palamu(22-23)D


## स्थानीय नीति स्पष्ट नहीं होने से छात्र परेशान : निशांत चतुर्वेदी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि नीति स्पष्ट नहीं होने से छात्र परेशान है। अभाविप झारखंड सरकार के 60-40 फार्मूले का विरोध करता है। इस सरकार ने राज्य के युवाओं को ठगने का काम कर सिर्फ धोखा देने का काम किया है। सरकार राज्य के युवाओं पर ध्यान नहीं देकर केवल लूट खसोट करने में लगी हुई है और झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। गढ़वा के स्थानीय प्रतिनिधि जो सरकार में मजबूत स्थिति में हैं एवं अच्छे मंत्रालय के मंत्री हैं वह भी युवाओं के भविष्य के नाम पर मौन साधे हुए हैं। अभाविप राज्य सरकार से मांग करता है कि यथासंभव अस्पष्ट एवं संवैधानिक बिंदुओं पर खरा उतरने वाली अपनी स्थानीय नीति लागू की जाए और जब तक यह नहीं होता है तब तक तृतीय वर्ग एवं चतुर्थ वर्ग के सभी रिक्तियों के लिए झारखंड के युवाओं के लिए शत प्रतिशत सीट आरक्षित किया जाए। सरकार यदि युवाओं की मांग को अनसुनी करती है तो अभाविप चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगा।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**–:: शुद्धि पत्र ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा **(Re-Organization of Barhi Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Hazaribagh) P.R. No.:-288903 Drinking Water and Sanitation (22-23).D** को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 1. | Value of work (Rs in Lakhs) | Rs. 9,78,16,000/- |
| 2. | Bid Security (Rs. in Lakhs) | Rs. 9,80,000/- |
| 3. | Date of Tender uploading in website | Date:- 18.03.2023 up to 02:00 PM |
| 4. | Date of Pre-Bid Meeting | Date:- 22.03.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi |
| 5. | Last date receipt of Bid | Date:- 29.03.2023 upto 05.00 PM |
| 6. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 31.03.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 7. | Date of opening tender | Date:- 01.04.2023 upto 03.00 PM |

**शेष सभी शर्त्तें यथावत रहेंगे।**

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग


**PR 292871 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D**


**बैठक : भाजपा रंका दक्षिणी मंडल बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर किया गया विचार-विमर्श**

# कार्यकर्ता पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनायें : अध्यक्ष

**गलत नियोजन नीति बनाकर झामुमो सरकार ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है : सत्येंद्र तिवारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उदय प्रजापति की अध्यक्षता में सोनदाग पंचायत के भलुआनी में बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गयी। बैठक में बूथ निर्माण, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति, चूल्हा प्रमुख सहित अन्य कमेटी का निर्माण करने के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का सदन में हुए अभिभाषण को पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ही राष्ट्र का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में लूट मची हुई है। वर्तमान जनप्रतिनिधि भ्रष्ट अफसरों का संरक्षक बने हुए हैं। आम जनता त्राहिमाम कर रही है। गलत नियोजन नीति बनाकर झामुमो सरकार ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में जाएंगे और लोगों को वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं सरकार के चाल चरित्र को उजागर करेंगे।

बैठक में भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनायें। एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता को पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ को मजबूत बनाकर आगामी चुनाव में गलत लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा।

मौके पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार नहीं होने के कारण जनता त्राहि त्राहि कर रही है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन से जुड़कर पार्टी को मजबूत बनायें। बैठक को भाजपा नेता मुरारी यादव, उत्तम पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने किया।

बैठक में भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी गौतम तिवारी भाजपा नेता संतोष तिवारी, मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि निर्मल गुप्ता, ओमप्रकाश दास, गिरिवर यादव, मनोज ठाकुर, विनोद सिंह, बलराम यादव, संतोष चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार, रवीन्द्र साव, दुखन साव, अशोक कमलापुरी, विजय ठाकुर, सत्यनारायण यादव, कविता देवी, शीला देवी, लालवती देवी, सरयू विश्वकर्मा, कमला देवी, उपेंद्र चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, लालबिहारी चौधरी, दिनेश गुप्ता सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


**राँची समाहरणालय,राँची**

(समाज कल्याण शाखा)

(जिला बाल संरक्षण इकाई)

गुमशुदा बालक की सूचना

(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)



- बालक नाम– एतवा उराँव (काल्पनिक नाम)
- लिंग– बालक
- पिता का नाम– छेदी उराँव
- माता का नाम– रूपानी उराँव
- पता– अज्ञात
- जन्म तिथि–01.01.2009
- उम्र – 16 वर्ष
- रंग – सांवला
- लम्बाई – 5'4"

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार आदिम जाति सेवा मण्डल निवारणपुर, राँची में एक बालक आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, राँची राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची। राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111 सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची।

PR 292935 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D

## रोजगार-सह-विकास मेला का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है जिला प्रशासन : डीसी

**युवा ही देश का भविष्य, अपने परिवार व समाज के लिए एक मूल्यवान धरोहर बने**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा जिला प्रशासन लोहरदगा के द्वारा निर्धारित रोजगार-सह-विकास मेला का समाहरणालय मैदान परिसर में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल दंडाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सासंद प्रतिनिधि अशोक यादव, सासंद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य हैं। पिछले एक वर्ष से युवाओं के लिए विभिन्न कार्य किये गए हैं। युवाओं के लिए कई योजनाएं सरकार के द्वारा चलायी जा रही हैं ताकि युवा इसका लाभ उठा सकें और अपने परिवार व समाज के लिए एक मूल्यवान धरोहर बन सकें। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन चलाया जा रहा है जो काफी आसान किश्तों पर मिलता है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ है। इसी प्रकार केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना संचालित की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से भी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना भी लाभ दिया जा रहा है। आईएचएम, रांची से जिला प्रशासन लोहरदगा का एमओयू हुआ है जिसमें एससीए योजनांतर्गत होटल प्रबंधन से जुड़े कोर्स उपलब्ध हैं। इसी तरह गृहणी महिलाएं जेएसएलपीएस से जुड़ कर स्वरोजगार कर सकती हैं। सिलाई से जुड़े कोर्स भी कर सकती हैं। जो युवा कंप्यूटर का 3-6 माह तक कोर्स करना चाहते हैं वे डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन के लिए अपना निबंधन करा सकते हैं। खेल विभाग द्वारा डे-बोर्डिंग के 3 कोच के लिए आवेदन लिया जा रहा है। जो खेल में करियर बनाना चाहते हैं वे जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र से जुड़ सकते हैं। होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर में नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग दी जाती है। जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास युवाओं के लिए उत्थान के लिए किया जा रहा है। उम्मीद है कि युवा इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए एक नया अध्याय लिखेंगे।

### 2008 में मिली सिविल सर्विसेज में जाने की प्रेरणा : एसपी

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि वर्ष 2008 में इसी प्रकार का कार्यक्रम जिला के उपायुक्त द्वारा आयोजित किया गया था, उसी कार्यक्रम में सिविल सर्विसेज में जाने की प्रेरणा मिली। आज इसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसका लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल अगर सही दिशा में किया जाय तो वे कहीं भी पहुंच सकते हैं। आज लोहरदगा जिला के युवाओं को मोटर मैकेनिक, होटल मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स, खेल (क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती आदि) निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए कोच नियुक्त किये गए हैं। लोहरदगा जिला में सिविल सर्विस, इंजीनियरिंग, मेडिकल की निःशुल्क तैयारी दी जा रही है। ऐसी सुविधाएं पहले सिर्फ बड़े शहरों में हुआ करती थी। आज युवावों को सद्भावना मंच के जरिये जोड़ा जा रहा है।

## स्वच्छोत्सव 2023 को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा नगर भवन में स्वछोत्सव 2023 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें इसके बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन में निकाय स्तर पर अर्बन सैनिटेशन और कचरा मुक्त शहर के संबंध में 10 विषय पर प्रतियोगिता के लिए आवेदन लिए जायेंगे। इसमें व्यक्तिगत महिला उद्यमी ,स्वयं सहायता समूह, स्टार्टअप, गैर सरकारी संगठनों की महिलाएं आवेदन कर सकेंगे। इसमें मुख्य पुरस्कार महिला आइकन अग्रणी स्वच्छता पुरस्कार 2023 होगी। सफल प्रतिभागियों को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा। इस क्रम में कार्यशाला के उपरांत स्वच्छता यात्रा निकाली गयी जिसमें एसएचजी की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रही। कचरा मुक्त शहर की परिकल्पना को साकार करने के लिए महिलाओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके अलावा शून्य अपशिष्ट के अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अन्य गतिविधियां भी की जायेगी। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक विजय कुमार, अनिल उरांव, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार, कनीय अभियंता सुशील मिंज, सामुदायिक संगठनकर्ता अर्चना कुमारी, सभी सीआरपी, संजय प्रसाद,रमीज रजा,आर्यन कुमार, सुभाष पटनायक, अन्य कार्यालय कर्मी एवं विशेष रूप से एसएचजी की महिलाएं उपस्थित थी।

## बीडीओ ने डीलरों के साथ की बैठक




**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ अमरेन डांग की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ अमरेन डांग के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारो को ससमय राशन दूकान खोलने, चावल दिवस पर हर हाल मे दूकान खोलने, लाभुकों का राशन कार्ड अपने पास नही रखने तथा मृत या शादी हो चुके व्यक्ति का सूचना देने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक कम राशन वितरण करने को लेकर नाखुशी जाहिर करते हुए बीडीओ अमरेन डांग ने सभी डीलरों को 25 मार्च तक शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। इस मौके पर गोदाम प्रबंधक संजय मिंज, डीलर संघ अध्यक्ष रामदत्त गुप्ता,आदि समेत लगभग सभी डीलर मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय विकास प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से विभाग स्तरीय व्यक्तित्व विकास शिविर प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने सभी भैया बहनों को तिलक लगाकर कुदलुम महाविद्यालय रांची के लिए गुरूवार को रवाना किये। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम ने बताया कि तीन जिला गढ़वा पलामू एवं लातेहार विद्यालय से भैया/बहने दिनांक 16 मार्च 2023 से दिनांक 26 मार्च 2023 तक इस प्रशिक्षण में शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण में भैया बहनों को प्राचीन भारतीय सभ्यता और परंपराओं को ध्यान में रखकर शारीरिक विकास की ओर ध्यान दिया जायेगा। उनके व्यक्तित्व में कैसे निखार आए इस पर चिंतन मंथन किया जायेगा साथ ही भैया/बहने का सर्वांगीण विकास कैसे हो इसके लिए इस वर्ग में शारीरिक, मानसिक/ बौद्धिक, नैतिक, व्यावहारिक, आध्यात्मिक पांचो विषयों पर अभ्यास कराया जायेगा। योग ध्यान से लेकर कम्युनिकेशन और गोयल सेटिंग सहित कई बिंदुओं को सामने रखा जायेगा। इस 10 दिनों का प्रशिक्षण पूरे जीवन को एक नई उर्जा प्रदान करेगी। विद्यालय के कक्षा षष्ठ एवं सप्तम के भैया इस वर्ग में भाग लिए हैं। नहीं रवाना से पुर्व विद्यालय परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## जेइइ और नीट पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी



**लोहरदगा।** करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में विद्यार्थियों को होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर जिला विज्ञान केंद्र लोहरदगा के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर जानकारी देते हुए सेंटर के रसायन फैकल्टी दशरथ प्रजापति एवं गणित फैकल्टी नित्यानंद कुमार ने सेंटर और इसके माध्यम से जेईई और नीट की तैयारी के विषय में बताया। नित्यानंद कुमार ने बताया कि कैसे अपने पढ़ाई के स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है` उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सोचने के तरीके को बदलने के लिए कहा और भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के गणित एवं जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को निःशुल्क जेईई और नीट की तैयारी कराई जाती है। वैसे विद्यार्थी जो आगे इंजीनियरिंग और मेडिकल के क्षेत्र में जाना चाहते हैं वे सेंटर में नामांकन करा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को 12वीं की परीक्षा की तैयारी के निमित्त भी सुझाव दिये। इस अवसर पर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारण करने के लिए कहा ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। कार्यक्रम में रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जर्जर हालत में है आंगनबाड़ी भवन, विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम खास आंगनबाड़ी केन्द्र का जर्जर अवस्था आज भी मिशाल पेश कर रहा है। बताया जाता है कि जर्जर आंगनबाड़ी भवन की वस्तु स्थिति से प्रत्येक माह मासिक रिपोर्ट समिट कर बाल विकास परियोजना को अवगत कराया जा रहा है। परंतु विभाग अनदेखी व अनसुनी कर चुपी साधे हुए है। शायद विभाग बड़ी दुर्घटना को घटित होने का राह देख रही है। इस संदर्भ में ग्रामीण अशोक मांझी, प्रेम कुमार मिश्रा, शिला देवी सीता देवी सहित अन्य ग्रामीण महिला व पुरुषों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन जबसे आरम्भ हुआ है। वहीं नन्हे बच्चों के भविष्य को नजर अंदाज कर पौष्टिक आहार देने का कार्य चल रहा है। बताते हुए कहा कि भवन के जर्जर स्थिति के कारण सेविका भय से बच्चों को बुनियादी शिक्षा से अवगत कराने में असमर्थ है। उन सेविका को हमेशा यह भय बना रहता है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाये इसलिए बच्चों को पौष्टिक आहार देने के उपरांत छुटी दे दिया जाता है। खुद समय का पालन करती रहती है। जर्जर भवन की स्थिति को लेकर सेविका रुकमणी देवी का कहना है कि पत्येक माह विभाग को रिपोर्ट समिट किया जाता है जिसमें लेखा जोखा के अलावे भवन वस्तु स्थिति का एक कॉलम है। जिसमें जर्जर भवन का जिक्र बार बार किया गया है। लेकिन विभाग आज भी जर्जर भवन से अनभिज्ञ है। इस संदर्भ में बाल विकास परियोजना कार्यालय से जायजा लेने पर बताया गया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से 50 आंगनबाड़ी केन्द्र नवीनीकरण हेतु दिया गया था। परंतु उसमें से कुल 20 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराने की स्वीकृति के साथ निविदा किया गया है।

## 225 छात्र-छात्राओं ने दी कुडुख विषय की परीक्षा

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के चौथे दिन नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में हुआ। परीक्षा के चौथे दिन शुक्रवार को नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 170 छात्र-छात्राओं में से 167 विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से कुडुख भाषा का परीक्षा दिया। 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा 59 में से 58 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया। 01 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तथा सुकरु ढंग से सम्पन्न हो सके जिसके लिये प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा के चौथे दिन भी सभी परीक्षाथीर्यों ने शांतिपूर्ण ढंग से कुडुख भाषा का परीक्षा दिया जिसे परीक्षा शांतिपूर्वक और कदाचार मुक्त संपन्न हुआ।

## अमृत महोत्सव अभियान के तहत डिजिटल लेनदेन के लिए सक्षम केंद्र का उद्घाटन



**बारवाडीह।** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव 2 अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा देने को लेकर गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह क्लस्टर के नारी शक्ति आजीविका संकुल संगठन में सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया गया। बरवाडीह पंचायत के मुखिया एवं खुरा पंचायत के मुखिया के द्वारा सक्षम केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में समूह से जुड़ी सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई तथा उन्हें विस्तृत रूप से वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दिया गया। सभी उपस्थित समूह के दीदियों को सक्षम केंद्र के माध्यम से होने वाले कार्यों के बारे में समझाया गया तथा ग्रामीण परिवेश में रहने वाले हर एक परिवार को वित्तीय साक्षर किया जाएगा के बारे में बताया गया ताकि लोग सीख सके की बचत कैसे करे? बीमा क्यो करवाना चाहिए? पेंशन क्या है? साथ ही डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने एवं बीमा क्लेम संबंधित सेटेलमेंट हेतु सभी उपस्थित सदस्यों के द्वारा शपथ ग्रहण भी किया गया।

## चारों ओर हिंदू नववर्ष की हो रही जोर शोर से तैयारी



**लोहरदगा।** हिंदू नववर्ष शोभा यात्रा को लेकर जय श्रीराम समिति के कार्यकर्ताओं की तैयारी जोर शोर से की जा रही है घर-घर झंडा हर-घर झंडा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी केसरिया रंग का परवान चढ़ता नजर आ रहा है। ज्ञात हो कि 22 मार्च को नववर्ष के उपलक्ष पर ललित नारायण स्टेडियम से प्रातः 11:00 बजे जय श्रीराम समिति के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है जो पूरे नगर भ्रमण कर पुनः ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचेगी। तत्पश्चात भव्य भंडारा एवं जागरण का आयोजन किया जायेगा। समिति सदस्य दीप नारायण सिंह ने कहा इस बार की शोभायात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह और खुशी है युवाओं का जोश देखते ही बन रही है सबका एक ही कहना शोभायात्रा में शामिल होना।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के माध्यम से युवक-युवतियों को मिलेगा रोजगार



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार प्रदान करने को लेकर रोजगार मेला सह शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित रोजगार मेला सह शिविर के माध्यम से 18 से 35 वर्ष के युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना लाया गया है। इसके माध्यम से निःशुल्क बेसिक सुविधा मुहैया को लेकर जानकारी दिया गया। साथ ही रहने खाने एवं प्रशिक्षण के दौरान आवश्यकता की सामग्री भी मुफ्त दिया जायेगा। इसके अलावा नियमित तीन माह नियोजन के उपरांत प्रोत्साहन राशि भी दिया जायेगा। राज्य समन्वयक अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि इच्छुक युवक युवतियां आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक प्रमाण पत्र बैंक पासबुक के छाया प्रति के साथ आवेदन कर सुनहरा अवसर का लाभ उठाने की जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया कि प्रशिक्षण स्मार्टफोन असेंबली टेक्नीशियन आटोमोटिक इलेक्टिशियन वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर फैशन डिजाइन कंप्यूटर ट्रेनिंग स्पोकन इंग्लिश सहित विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा जो भी इच्छुक आवेदक फार्म भरने से वंचित हो गए या किसी कारण से नही भर पाये है। वैसे लोग आगामी 20 मार्च को किस्को प्रखंड परिसर में आयोजित रोजगार मेला में पहुंच फार्म भर सकते है। मौके पर जिला समन्वयक अनुसुइया साहू,प्रखंड समन्वयक अनिल कुमार पांडेय सहित ग्रामीण युवक युवतियां शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा लोहरदगा मुख्यपथ के भैसमुंदो गांव स्थित तहसिल कचहरी के पास सड़क दुर्घटना में भंडरा थाना क्षेत्र के बाड़ाअम्बेरा निवासी स्व जगदेव महतो के 25 वर्षीय पुत्र जीतबहान महतो , सिसई निवासी महाबीर गोप के 17 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी एवं कचमची निवासी परना महतो के 20 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना में जीतबहान महतो एवं मनीषा कुमारी का पैर टूट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ओम कुमार सिंह ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीतबहान महतो अपनी भांजी मनीषा कुमारी को बाड़ा अम्बेरा से बाइक में बैठकर लोहरदगा इंटर का परीक्षा दिलाने के लिये ले जा रहा था। इसी क्रम में भैसमुंदो गांव के समीप एक अज्ञात बाइक चालक ने ठोक दिया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। मौके से बाइक चालक बाइक छोड़ कर फरार हो गया। घटना की जानकारी भंडरा पुलिस को दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## कैरो महावीर मंडल का हुआ गठन

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगी रामनवमी और भरत मिलापः महावीर मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 16 मार्च गुरुवार को शाम 07:00 बजे दुर्गा बाडी भवन मे कैरो महाबीर मंडल की बैठक आहुत की गयी। बैठक मे वर्ष 2023 मे श्री रामनवमी का त्योहार व भरत मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न किये जाने को लेकर चर्चा की गयी। वही बैठक मे इस वर्ष त्योहार को शांति सौहार्द के साथ संपन्न करने को लेकर, सर्वसम्मति से नये समिति गठन का प्रस्ताव लाया गया। जिसमे बैठक मे वर्ष 2023 कैरो महाबीर मंडल के विवेक प्रजापति को अध्यक्ष चयनित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष विपिन सिंह, परमेश्वर भगत को चयनित किया गया है सचिव विनोद रविदास एवं सह सचिव शम्भु सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, सह कोषाध्यक्ष रिंकु प्रसाद, संगठन मंत्री संजय महतो, कृष्णा साहू,बजरंग साहू,राजेश राम, बाबुलाल उरांव, बासु उरांव, राजेंद्र सोनी, आदित्य यादव, राजेन्द्र महतो, वही सूचना मंत्री जीतवहान महतो, बलराम यादव, राजेश सोनी, बिनोद पांडेय, संदीप लोहरा, महेंद्र उरांव तथा मिडिया प्रभारीः-राम प्रसाद पाल,रवि प्रजापति, संजय साहू बनाये गये हैं। सलाहकार समिति का भी गठन कीया गया है जिसमे मुख्य रूप से विशेश्वर प्रसाद दीन, शरत कुमार विद्यार्थी, सुरज मोहन साहू, जगदीश यादव, अनिल पांडेय, व बजरंग उरांव को प्रमुख सलाहकार समिति का सद्स्य नामित किये गये है।

## बीमा करवाने को लेकर प्रखंड में बैठक की



**बारियातू।** बारियातू प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में जेएसएलपीएस द्वारा बीमा क्लेम सेटलमेंट व 100 % जीवन बीमा करवाने को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में प्रखंड के विभिन्न स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को बीपीएम सुनिल कुमार ने बीमा क्लेम सेटलमेंट, 100% जीवन बीमा करवाने, एवं बीमा धारकों को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दिया तथा उपस्थित स्वयं सहायता समूह के महिलाओं से अपील किया कि महिला व पुरुष दोनों सत प्रतिशत जीवन बीमा जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि आज के इस बैठक में बीमा क्लेम सेटलमेंट से संबंधित शिबला और जबरा गांव से दो आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसे अग्रेतर कारवाई हेतु बैंक भेज दिया गया है। इस मौके पर पंसस सोनी देवी, पीआरपी मनीष कुमार, दिपावली देवी, सोनी खातुन, सीसी यदु राम, असेश्वर प्रजापति, एवं स्वयं सहायता समूह के कई महिलाएं मौजूद थी।

## उग्रवादी टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की

# सब जोनल कमांडर कुलदीप गंझू गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन की कार्यकुशलता से लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने संगठन के सबजोनल कमांडर कुलदीप गंझू उर्फ कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी, पिता हरिज्ञान मेहता, ग्राम-पल्हैया थाना मनिका, जिला लातेहार को दबोच लिया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान दौरान शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के आक्रमन जी उर्फ आक्रमन गंझू, सहदेव जी एवं कुलदीप गंझू, बारियातु थाना अंतर्गत ग्राम पिपराडीह के जंगली क्षेत्र की ओर लेवी/रंगदारी लेने के फिराक में आये हुए हैं। सूचना के आलोक में अनुण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में टीम गठन कर अभियान चलाया गया। पुलिस की टीम पिपराडीह पहुंचने कुछ हथियार बंद जंगल में भागने लगे, तब सशस्त्र बल के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद एक उग्रवादी को पकड़ा गया। जिससे नाम पूछने पर अपना नाम कुलदीप गंझू उर्फ कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी बताया। छापामारी अभियान ये अधिकारी व जवान थे शामिल छापामारी अभीयान में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि बिन्देश्वर महतो बारियालु थाना पुअनि विश्वजीत तिवारी, हेरहंज थाना, पुअनि कुबेर साव, बालूमाथ थाना, एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरहुल पर्व मनाने की तैयारी, कमेटी गठित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर गांधी मैदान में 24 मार्च को सरहुल पर्व मनाने को लेकर तैयारी पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है।सरहुल पर्व मनाने को लेकर छिपादोहर पंचायत भवन में मुखिया बेरोनिका कुजूर की अध्यक्षता में छिपादोहर, केड़, कुचिला, हरातु, चुगरु, लात पंचायत के विभिन्न गांव से पंचायत प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व मुखिया एवं काफी संख्या में बुद्धिजीवी की उपस्थिति बैठक हुई। बैठक में सर्व समिति से सरना सरहुल पूजा समिति के गठन किया गया। जिसमे मुंद्रिका सिंह पूर्व मुखिया को अध्यक्ष, नागदेव उरांव जुरुहार, राजकुमार सिंह मुंडू, महेश सिंह हेहेगाडा, राजकुमार सिंह बारी चट्टान, मदन सिंह, छिपादोहर, अवधेश सिंह केड़, जगसहाय सिंह लात को उपाध्यक्ष, विनेसर उरांव केड़ सचिव,बलराम सिंह सह सचिव, देवनाथ सिंह खरवार, जुरुहार, वेरोनिका कुजूर मुखिया छिपादोहर संरक्षक, नरेश सिंह कुचिला कोषाध्यक्ष, दिलीप कुमार सिंह पंचायत समिति सदस्य, सकेंद्र उरांव मीडिया प्रभारी, वही सक्रिय सदस्यों में चमरू सिंह छिपादोहर, जनेश्वर सिंह हरातु, जगदेव सिंह, महेंद्र उरांव, सुलेश उरांव, वीरेंद्र उरांव केड़, सरीमन सिंह, हरेश सिंह, कृष्णा सिंह चुंगरू, गणेश सिंह, सखीचंद सिंह, लालदेव सिंह, अरुण सिंह, संजय उरांव, लखन सिंह, प्रणव सिंह, विगन सिंह, आदर्श सिंह, सुरेश सिंह, संदीप सिंह, मुकुट स्टेशन तिर्की, सुशील सिंह, गनौरी सिंह, बैजनाथ सिंह, रामलाल उरंव, दिकादर सिंह, शुभन सिंह, झरी सिंह शामिल हैं।

# धान कूटनेवाली मशीन की चपेट में आने से महिला की मौत

**घटना के बाद परिजन एवं गांव में मातम का माहौल**

**विकाश साहू**



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी केंद टोली गांव में लगभग 40 वर्षीय नैहरी देवी का धान कूटने वाली मशीन में कटकर सिर धड़ से अलग हो गया है। नैहरी शुक्रवार को गांव के ही धान कूटने वाली मशीन भाड़े में मंगवाकर घर के बाहर धान कुटवा रही थी। इसी दौरान नैहरी का दुपट्टा मशीन की चक्की में फंस गया और नैहरी का सिर धड़ से अलग हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाघरा थाना को दी। जिसके बाद थानेदार अमित कुमार चौधरी व एसआई अभिषेक कुमार घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। धान कूटने वाले ने बताया कि धान कूटना प्रारंभ हुआ ही था कि महिला मशीन की चपेट में आ गयी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन एवं गांव में मातम का माहौल है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा पति रामलाल भगत व पत्नी नैहरी दोनों ने धान कूटने के लिए मशीन भाड़े पर मंगाया था, दोनों ने मिलकर धान कूटवाना प्रारंभ किया ही था कि इसी दौरान नैहरी का दुपट्टा मशीन की चक्की में फंस गया और महिला पूरी तरह से मशीन की चपेट में आ गयी। जिससे महिला का सिर धड़ से अलग हो गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस पूरे मामले में यूडी केस दर्ज कर ली गई है।

## कोविड में जान लगाकर सेवा करने के बाद भी सरकार से मेहनताना की भीख मांग रहीं सहिया




गुमला (आजाद सिपाही)। कोविड-19 महामारी 2020 से 2022 मार्च तक कोविड-19 मोबिलाइजेशन वैक्सीनेशन में सुबह 6:00 बजे से लेकर शाम तक सभी सहिया बहनें इनफेक्टेड कोविड मरीजों को दवा पहुंचाने, सर्वे करने तथा डोर टू डोर घरों में वार्ड में स्कूलों में जा-जाकर 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन कंप्लीट करने के बाद सहिया लोगों को ना लेटर मिला है और ही कुछ मेहताना। इसके बावजूद भी सभी सहिया निरन्तर स्वास्थ्य विभाग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। हम लोगों ने दिन-रात अपने घर द्वार एवं बाल-बच्चों को छोड़कर वैक्सीनेशन के लिए सरकार के सभी आदेशों को सफल बनाया, लेकिन आज अपने मेहताना के लिये दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। सभी का कोविड-19 वैक्सीनेशन का पैसा एएनएम एवं डाटा ऑपरेटरको दे दिया गया है। हम सभी को आश्वासन दे देकर कहा गया कि पैसा आने पर आप लोगों को दे दिया जाएगा, लेकिन अब तक हम लोगों का पैसा नहीं मिला है। मांग करने पर कहा गया कि 30 परसेंट भुगतान कर दिया गया है जो पैसा हम लोगों को नहीं मिला है। कृपया हमारा पैसा दिलाने की कृपा करें।

## शहर में चौथे दिन जलापूर्ति होने पर रमेश चीनी ने नप अध्यक्ष एवं ईओ का जताया आभार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में चौथे दिन जलापूर्ति होने पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने नगर परिषद के अध्यक्ष व ईओ के प्रति आभार प्रकट किया है। कहा है कि पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने से आमजनों को होने वाली समस्या से उक्त दोनों को अवगत कराया था। जिसके बाद शुक्रवार को जलापूर्ति बहाल की गई। अनुरोध है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नियमित जलापूर्ति के लिए प्रयास किया जाए। ताकि जनता को परेशानी न हो।

## माध्यमिक शिक्षकों की बैठक 21 मार्च को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के माध्यमिक शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 मार्च रविवार को 12:00 रखी गई है। यह बैठक मुरली बगीचा स्थित गुमला में जिला संघ भवन के कार्यालय में होगी। जानकारी देते हुए जिला सचिव रामानुज शर्मा ने माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक एवं शिक्षकतर कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वह अपनी समस्याओं को लेकर इस बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थित होने का प्रयास करें। गुमला जिला माध्यमिक शिक्षा संघ आप सभी शिक्षकों के लिए हमेशा जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ता रहा है। इसलिए राजकीयकृत प्रोजेक्ट स्कूल एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कार्यरत शिक्षक इस बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को गुमला जिला शिक्षक संघ के समक्ष रखें।

## वृद्ध महिला को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, टूटा पैर

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप बैंक से वृद्धा पेंशन निकालकर घर लौट रही गुरदरी थाना क्षेत्र के गोरा पहाड़ निवासी 74 वर्षीय सुखनी असुर को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध महिला का बायां पर टूट गया और मौके से बाइक चालक फरार हो गया। इधर घटना उपरांत स्थानीय लोगों ने उक्त वृद्ध महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर गुमला रेफर कर दिया गया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक महिला को सदर गुमला भेजा नहीं जा सका था, उसके परिजनों का इंतजार किया जा रहा था।

**कार्यक्रम : भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला का कैडर कन्वेंशन आयोजित**

# एकजुटता एवं आंदोलन से ही भ्रष्ट व्यवस्था से जनता को मिलेगी मुक्ति : विजय सिंह

**कहा- जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा चुनाव माले एवं झानद संयुक्त रूप से लड़ेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के तत्वावधान में पार्टी के प्रभारी प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय से सटे नवाडीह सामुदायिक भवन के पास पार्टी का आगामी कार्यक्रम को लेकर कैडर कन्वेंशन आयोजित की गयी। कन्वेंशन में मुख्य रूप से उपस्थित माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा चुनाव माले व झारखंड नवनिर्माण दल संयुक्त रूप से लड़ेगा। गुमला को रेल लाइन से जोड़ने व रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना निर्माण, कृषि आधारित रोजगार का सृजन और क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का निराकरण के लिए जन जागरूकता पर जोर देते हुए श्री सिंह ने कहा है कि एकजुटता व आंदोलन से ही इस भ्रष्ट व्यवस्था से जनता को मुक्ति मिलेगी। श्री सिंह ने आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील भी कार्यकर्ताओं से की। कन्वेंशन में प्रकाश उरांव, पुष्पा उरांव, सुमरा खड़िया सहित पार्टी के कई नेताओं ने अपने विचार रखे। कन्वेंशन में 27 मार्च 2023 को भाकपा माले व झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त बैठक जो जिला मुख्यालय गुमला में रखी गई है, जिसकी तैयारी में लगने, मजदूरों व किसानों के शोषण के विरुद्ध आंदोलन की तैयारी करने, एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गुमला में मजदूर पंचायत का आयोजन करने, भारत सरकार द्वारा विस्थापित करने की साजिश भारत माला सड़क परियोजना को रद्द करने जैसी मांगों को लेकर पार्टी को मजबूत बनाते हुए आंदोलन शुरू करने सहित कई निर्णय लिए गए हैं।

कन्वेंशन में प्रकाश उरांव, धर्मपाल उरांव, रीमिस उरांव, मंगरा उरांव, बैजू उरांव, संदीप उरांव, एतवा उरांव, ललन साहू , सोमरा खड़िया, संतोषी देवी, कुसमा मिंज, जयमुनी उरांव, सरिता देवी, कर्मी देवी, सनीयारो देवी, धनिया देवी, दिशु कुमारी, जुबली देवी के अलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के माध्यमिक खंड में वार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23 का परिणाम घोषित

**समारोह में शैक्षणिक एवं अन्य विद्यालय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन किये गये पुरस्कृत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को माध्यमिक खंड सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सह सचिव प्रभात कुमार दास, कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक, समिति सदस्य राजेश कुमार वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा की उपस्थिति रही। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख प्रवीण कुमार सिन्हा के द्वारा की गयी। समारोह में शैक्षणिक एवं अन्य विद्यालय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहन पुरस्कृत किये गये। कक्षा षष्ठ से मानवी सिंह, कक्षा सप्तम से प्रवीण कुमार, कक्षा अष्टम से लक्ष्मी कुमारी, कक्षा नवम से आस्था कुमारी, कक्षा एकादश विज्ञान से खुशी कुमारी तथा कक्षा एकादश वाणिज्य से अदिति कुमारी प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावा विद्यालय की गतिविधियां जैसे वंदना विभाग के लिए राजलक्ष्मी भारती, विजया लक्ष्मी, सुमन कुमारी, अमृता कुमारी को पुरस्कृत किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बहन आनवी अपूर्वा एवं प्रज्ञा राज को पुरस्कृत किया गया। बागवानी के लिए कक्षा अष्टम स को प्रथम, कक्षा षष्ठ अ को द्वितीय, तथा नवम स को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इंस्पायर अवार्ड में चयनित भैया आयांक गुप्ता, बहन तान्या जायसवाल तथा नूतन कुमारी को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रबंध कारिणी समिति के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने परीक्षा परिणाम भूमिका रखते हुए उपस्थित भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया। सह सचिव प्रभात कुमार दास तथा अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने विद्यालय के उद्देश्य तथा आगामी योजना को अभिभावकों के साथ साझा किया।

## बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का दिया गया प्रशिक्षण




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के द्वारा एक दिवसीय बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपयुक्त कार्यक्रम में प्रदान एवं जेएसएलपीएस के कर्मी भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि गुमला जिला आम बागवानी में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान रखता है। जिसमें प्रखंड एवं पंचायत के साथ यहां के एनजीओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अभी तक गुमला जिला में 12,599 किसानों ने लगभग दस हजार एकड़ भूमि पर बागवानी लगायी है। इस वित्तीय वर्ष में भी 3000 एकड़ का लक्ष्य रखा गया है।

प्रशिक्षण में प्रदान टीम कोऑर्डिनेटर मेराज एवं स्वरुप ने ले आउट, गड्ढा खुदाई, पौधा रोपाई, घेरा एवं पौधे के रख-रखाव संबंधित जानकारी गुमला प्रखंड के मुखिया एवं रोजगार सेवक के साथ साझा की। मौके पर बीडीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी मुखिया, रोजगार सेवक, जेई, एई एवं प्रदान से मेराज, स्वरुप, रूचि, सुर्जोदय एवं कीर्ति मौजूद थे।

## कार्तिक उरांव बीएड कॉलेज गुमला में सत्र 2022-24 के नामांकन की सूची जारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्तिक उरांव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (बीएड) गुमला में सत्र 2022-24 के ओपन नामांकन की सूची विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दी गई है। जिसमें 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। अभ्यर्थियों को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया है कि 20 मार्च तक अपने मूल प्रमाण पत्र एवं अपने दो फोटोग्राफ के साथ आकर महाविद्यालय में नामांकन लेना सुनिश्चित करें। 20 मार्च तक नामांकन नहीं लेने वाले अभ्यार्थियों की दावेदारी स्वतः रद्द मानी जाएगी। यह जानकारी महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी ने दी। चयनित अभ्यर्थियों में शोभना होरो, सुषमा कुमारी, संजीत नायक, पुतुल कुमारी, उग्रमनी गोप, पुष्पी का लफड़ा, करुणा रानी, विजय इंदीवार, रुहिता तिर्की, गौतम केरकेट्टा, राहुल साहू, कोमल कुमारी के नाम शामिल हैं।

## बसिया में चलंत चिकित्सा एंबुलेंस का शुभारंभ

**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल बसिया परिसर में शुक्रवार को स्वयं सेवी संस्था हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित चलंत चिकित्सा एम्बुलेंस का शुभारंभ एसडीओ संजय पीएम कुजुर, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता एवं प्रमुख जगरानी तिग्गा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर किया। इस मौके पर हंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोडिनेटर गुलशन कुमार ने बताया कि चलंत चिकित्सा के माध्यम से इस एम्बुलेंस में चिकित्सक, एनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट एवं ड्रेसर मौजूद होंगे जो गांव गांव जाकर मरीजो का इलाज कर खून जांच एवं दवा उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए प्रत्येक दिन अलग-अलग राजस्व ग्राम में जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल अथवा सबसेंटर में कैम्प लगा कर मरीजों का इलाज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल बसिया के चिकित्सा प्रभारी डॉ.विजय लकड़ा,डॉ. राजेश, डॉ. रुचि भूषण, हंस फाउंडेशन के चिकित्सक डॉ. नंदलाल प्रसाद, लैब टेक्नीशियन ऋषिकेश कुमार, फार्मासिस्ट अमित कुमार चौरसिया, एनएम अनिमा रेखा, अब्दुल अरशद, संत कुमार उरांव, प्रवीण कुमार, दिवाकर कुमार, तारेश राम, रवि साहु, चालक अतुल कुमार साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

**नुकसान : बिशुनपुर प्रखंड के मंजीरा जंगल में शरारती तत्वों ने लगायी आग**

# ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**वन विभाग गांव में लाइट की व्यवस्था करे ताकि जंगल में आग बुझाने में हमें सुविधा हो : ग्राम प्रधान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**बिशुनपुर।** वन विभाग एवं अन्य संस्था जंगल बचाने के लिए ग्रामीणों को लाख जागरूक कर ले, पर वे करेंगे वही जो उनका मन करेगा। महुआ गिरना प्रारंभ ही हुआ है कि लोहरदगा रेंज के मंजीरा जंगल में शरारती तत्वों के द्वारा जंगल में आग लगाने की मुहिम शुरू कर दी गई है।

बुधवार की रात जंगल में आग लगने से बड़ा क्षेत्र जल चुका है। हालांकि जंगल में आग लगने की सूचना पर मंजीरा ग्राम के प्रधान प्रवेश खेरवार ने ग्रामीणों की एक बैठक कर अविलंब जंगल की ओर आग बुझाने के लिए निकले। तब तक आग काफी फैल चुकी थी फिर भी काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान ने कहा कि वन विभाग गांव में लाइट की व्यवस्था करे ताकि अगर दोबारा किसी शरारती तत्वों के द्वारा आग लगायी जाती है तो हम लोगों के पास लाइट की कमी ना हो और जंगल पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर सकें। साथ ही साथ गांव के ग्रामीणों से भी अपील करते हुए प्रधान ने कहा कि जंगल में थोड़ी सा लाभ के चक्कर में आग ना लगाएं। हमारे घर में जैसे छोटे-छोटे बच्चे होते हैं वैसे ही जंगल में भी छोटे-छोटे जीव जंतु होते हैं जो आप लोगों की थोड़ी सी लापरवाही के कारण उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। आग बुझाने में जयपाल केरकेट्टा, छोटन खेरवार, केश्वर लोहरा, जलेश्वर मिस्त्री, चमरू खेरवार, मुकेश उरांव, चंद्रेश्वर उरांव, अनुज उरांव, विमल उरांव, बिंदेश्वर उरांव, प्रेमचंद्र उरांव, मनिचार उरांव, गणेश उरांव सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## जोहार परियोजना अंतर्गत निर्मित विभिन्न सिंचाई योजना के सफल संचालन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को प्रशिक्षण केन्द्र में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परियोजना अंतर्गत निर्मित विभिन्न सिंचाई योजना के सफल संचालन एवं समुचित देखभाल के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से चयनित केडर टीएसपी एवं पीआई को जल उपभोक्ता का निर्माण, योजना का रख रखाव, सिंचाई पेंच में समुचित कृषि कार्य को बढ़ावा देने एवं भविष्य में योजना की मरम्मति कार्य के लिए एक न्यूनतम रेंट के निर्धारण के विषयों को राज्य कार्यालय से उपस्थित रिसोर्स प्रशिक्षक रूपेश कुमार द्वारा बताया गया। साथ ही प्रशिक्षण में बीपीओ अजीत कुमार द्वारा सफल संचालन के बारे बताया गया। इस कार्यक्रम में एफटीसी सुशील बाउरी, धर्मेन्द्र लकड़ा, पीआईइ रितेश पाठक, विजय साहू, बुधराम नायक, मंगल मुंडा, सिनियर एकेएम अनिल केरकेट्टा, रूपधारी सिंह, सुखशरण खरिया आदि उपस्थित रहे।

## बसिया के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केले उरांव के निधन पर शोक व्यक्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया के वरिष्ठ कांग्रेसी सह लैंपस अध्यक्ष केले उरांव के आकस्मिक निधन से कांग्रेस के लोग मर्माहत हैं। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने इस पर शोक प्रकट किया है। कहा है कि पार्टी ने एक सच्चे सिपाही को खो दिया है। प्रखंड में कांग्रेस की मजबूती में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। ईश्वर परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव जकजोर में किया गया। विगत कुछ सालों से वे कलिगा ग्राम में रहते थे। उनके आकस्मिक निधन पर रमेश चीनी, अकील रहमान, अमर कुजूर, हेमावती देवी, कलावती देवी, बैधनाथ उरांव व आजाद अंसारी, रोशन बरवा, सुशील होता, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, विकास साहू, मुमताज खान, जेडी नायक, मुंतजीर खान, गौरी शंकर चौधरी, पीटर मिंज, रश्मि मिंज, पूर्व उपप्रमुख विनोदिनी देवी, गोकुल चंद सोनी, घुरन साहू, मुखिया एमलेन कुल्लू, गुलशन टेटे, जन्मजय साहू, अवध किशोर चौरसिया, सुरेंद्र राम समेत प्रखंड के अनेक लोगों ने दुख व्यक्त किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आगामी 19 मार्च को मुख्यालय में होने वाले जिला विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर की तैयारी को लेकर कई विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।इस क्रम में बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने निर्देश देते हुए सभी विभागों को कहा कि अधिक से अधिक लोगों को को लाभ दिलाने हेतु प्रचार प्रसार करें एवं परिसंपत्ति वितरण के लिए लाभुकों का नाम चयन आज 5:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करे। ताकि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए सभी विभागों के कर्मी रविवार के दिन के 10 बजे प्रखंड कार्यालय में उपस्थित रहे ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर उपस्थित लोगों में शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोपो, सहित कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क पर ऑटो पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क ओलमा गांव के पास शुक्रवार की शाम 5 बजे टेंपो दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को चटनियां गांव के टोला सुगवाडामर निवासी 50 वर्षीय राणा रजवार, 45 वर्षीय फागू यादव तथा लमारी खुर्द निवासी मोहम्मद इसहाक की पत्नी ऐसा बीवी कांडी बाजार से सामान खरीद कर अपने-अपने घर वापस जा रहे थे। उसी क्रम में टेंपो अनियंत्रित होकर ओलमा गांव के समीप मुख्य सड़क पर पलट गया। टेंपो चालक घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घायलों को टेंपो से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी लाया गया, परंतु स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के कारण सभी घायल स्वास्थ्य केंद्र के बाहर उपचार के लिए तड़पते रहे। 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाने की कोशिश की गई परंतु वह भी नहीं आयी। बाद में थाना की गाड़ी से प्राथमिक उपचार हेतु रेफरल अस्पताल मंझिआव भेजा गया।

## बेमौसम बरसात ने आम जनजीवन को कर दिया बुरी तरह से तहस-नहस

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी सगमा प्रखंड में बेमौसम बरसात ने आम जनजीवन बुरी तरह तहस-नहस कर दिया तथा आर्थिक नुकसान भी बहुत हुआ। विदित हो कि दो दिन से मौसम में बदलाव से लोगों में बरसात होने की संभावना बढ़ गयी थी। करीब एक घंटे के मूसलाधार वर्षा से खेतों में लगी फसल गेहूं, रहर, चना जो पक गया था काटकर खलिहान में चढ़ाना था वह बर्बाद हो गया। वहीं आबादी के अधिकांश लोगों की आय का मुख्य स्त्रोत महुवा पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। आकाशीय बिजली के चमकने से महुवा का कोच सूख गया। महुवा के उत्पादन के लिए गरमी तथा सामान्य मौसम की आवश्यकता होती है, परन्तु मौसम में ठंड बढ़ने से महुवा की खेती पर भी काफी बुरा प्रभाव पड़ गया। इससे गरीबों का निवाला एक तरह सा छीन गया। सूखे व अकाल के साये में जी रहे लोगों की बरसात से आर्थिक कमर टूट गयी।

# पूर्व प्रमुख के आवासीय परिसर में रामार्चा पूजा का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के पूर्व प्रमुख यमुना सिंह के जेपी चौक स्थित आवास परिसर में शुक्रवार को रामार्चा पूजा का आयोजन किया गया। इस महा अनुष्ठान का आयोजन अयोध्या विवहूति भवन के महाराज श्रीश्री 1008 श्री वैजनाथ शरण जी महाराज के शिष्य वैकुंठ शरण जी महाराज के नेतृत्व में की गई। पूजा के माध्यम से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी देवी देवताओं का आह्वान किया गया। इसकी शुरूआत नामधुनी व मंत्रोच्चार से की गयी। इस अनुष्ठान की महता पर प्रकाश डालते हुए बैकुंठ जी महाराज ने कहा की इस रामार्चा पूजा के माध्यम से सभी देवी देवताओं का आह्वान किया जाता है। इससे सभी व्याधियों से मुक्ति तो मिलती ही है साथ-साथ सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा की इस तरह के अनुष्ठान से ही सभी मांगलिक कार्यों को पूरा किया जा सकता है। साथ-साथ किसी भी आपदा में भारतीय वैदिक दर्शन में उपचार का वर्णन है। जिसके माध्यम से हम स्वच्छ रह सकते हैं। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा की अयोध्या विवाहूति भवन के महाराज जी के नेतृत्व में क्षेत्र में खुशहाली के लिए यह महापूजा बीते कई वर्षों से की जाती रही है। उन्होंने महाअनुष्ठान के माध्यम से क्षेत्र में मांगलिक कामना की। पूजा के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की।इस मौके पर अयोध्या से आए भोला बाबा,उमाशंकर शरण,सुनील शरण,बिनोद शरण, सेवानिवृत्त शिक्षक जनेश्वर सिंह,दिलीप सिंह,अनुज सिंह, वशिष्ट नारायण सिंह, चंद्रदीप सिंह, गजानन धाम के महंत अवध बिहारी दास, सुरेन्द्र सिंह,ब्रीजा सिंह, शैलेंद्र सिंह, भृगुनाथ सिंह, नागेंद्र सिंह, बसंत मिश्रा, रामनाथ बैठा समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

### छतरपुर विकास मंच ने किया पैदल मार्च और एकदिवसीय धरना का आयोजन

# जलसंकट को लेकर नगर पंचायत में फूटा गुस्सा, सड़क पर उतरे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से हाहाकार मचा हुआ है। पानी का लेयर काफी नीचे चले जाने से इलाके के अधिकांश चापानल और बोरवेल्स सूख गये हैं। आलम ये है कि लोगों का पीना, नहाना, कपड़े और बर्तन धोना भी मुश्किल हो गया है। इन स्थितियों से आजिज छतरपुर विकास मंच के बैनर तले नगर के सैकड़ो महिला पुरुषों ने पैदल मार्च निकाला और नगर पंचायत कार्यालय पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता और संचालन मंच के अध्यक्ष सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए अरविंद गुप्ता ने कहा कि जल संकट का मसला नगर पंचायत के लिए बेहद गंभीर है। लोग पानी के बिना त्राहिमाम कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं से नगर पंचायत भी बेपरवाह है नगर में सात सरकारी टैंकर होने के बावजूद पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है। अरविंद ने कहा कि जब नगर पंचायत होल्डिंग टैक्स ले रहा है तो उसे लोगों को सुविधाएं भी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे लोग आमरण अनशन करने को बाध्य हो जाएंगे। उपस्थित वक्ताओं ने भी नगर

## लोगों की समस्याओं से नगर पंचायत के चुने हुए जन प्रतिनिधि और अधिकारी उदासीन: अरविंद गुप्ता




पंचायत को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि जनता की सुनने वाला कोई नहीं। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला है जनता के हितो से किसी को कोइ मतलब नहीं है। जल संकट व्याप्त है लेकिन लोग उदासीन हैं। लोग परेशान हैं लेकिन नगर पन्चायत के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा। हालात यही रहे तो जनता सड़क पर उतरने को भी बाध्य हो जाएगी। धरना के पश्चात छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में उपस्थिल लोगों ने कार्यपालक अधिकारी और नगर अध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यपालक अधिकारी ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन में दर्शाए गए समस्याओं पर शीघ्र ही गम्भीरता से कार्रवाई करेंगे। जिन 9 सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया गया उनमें महत्वपूर्ण मांगें निम्नवत हैं। नगर के सिविल सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत की नली, गली और पेयजल की समस्या का समाधान निकाले। रोस्टर वाईज वार्डों में पेयजल की जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत हो। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत सुनिश्चित हो। नगर में बन रहे सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पानी टँकी का निर्माण और नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना की जाए। पूर्व में संचालित इलाके की विकास योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु किस्तों का भुगतान अविलम्ब सुनिश्चित कराई जाए। नगर पंचायत में डेली वेजेज पर कार्यरत मजदूरों की बकाए राशि का भुगतान किया जाए।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

बैठक में मुख्य रूप से बाबूराम प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश कुमार, श्यामकांत प्रसाद, एक्सह कुमार, संतोष दास, ऋषिकेश कुमार, मृणाल कुमार, विश्वनाथ भगत, आलोक सिंह, रवि गुप्ता, सुदर्शन पासवान, नागेंद्र राम, संतोष कुमार, मिथलेश साव, उदयशंकर गुप्ता, दिलीप राम, राजन कुमार, नीरा देवी, रीमा कुमारी, रीना देवी, प्रभा देवी, बबिता देवी, कविता देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, सुनीता देवी, मोनू कुमार सिंह, प्रवेश सोनी, विष्णुदेव राम, रामवतार कुमार, सुनील गुप्ता, संजय ठाकुर, पुटू मालाकार, डीओ पांडे, अभिषेक चन्द्रा, मुकेश कुमार, सनीज कुमार, मंजीत कुमार यादव, भवन प्रजापति, बुटन साव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# तीन दिवसीय इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आगाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च शहीद वीर सपूत नीलांबर पीतांबर लोक महोत्सव आयोजन डाल्टनगंज मेदिनीनगर पलामू में किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत रंग यात्रा से किया गया। यह यात्रा दोपहर तीन बजे गांधी स्मृति टाउन हॉल से ढोल, नगाड़ा, इप्टा का बैनर, पोस्टर के साथ जन आंदोलन गीतों को गाते हुए और पाइका नृत्य करते हुए निकला। जो करीब ढ़ाई किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर थाना होते हुए करीब पांच बजे शिवाजी कैंपस के मुख्य मंच तक पहुंची। यहां कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन किया गया है। इस आयोजन में झारखंड इप्टा के विभिन्न जिलों सहित देश के ओड़िशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, जेएनयू दिल्ली, पटना आदि अन्य राज्यों से रंगकर्मी, लोक कलाकार, साहित्यकार, लेखक, बुद्धिजीवी, चिंतक सहित कई गणमान्य शख्सियत उपस्थित थे। इस अवसर पर पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर इप्टा के मंच समीक बनर्जी, सचिव पर्सन्ना, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, स्वागत समिति के डॉक्टर अरुण शुक्ला, सुखदेव सिंह, टी बालन, हिमांशु राय, तनवीर अख्तर, राष्ट्रीय सचिव राकेश, प्रेम भसीन, फिरोज, राजेश, रणेंद्र, झारखंड प्रगतिशील महासचिव मिथलेश, कविता राणा, ज्योत्स्ना, महासचिव उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रवि, सहित रांची इप्टा से इबरार अहमद, झारखंड इप्टा के श्यामल मल्लिक, ऋषि, परवेज कुरैशी, हिमांशु बॉस, सुमेधा मौजूद थे। मंच संचालन शैलेंद्र सिंह ने किया।

# विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए नेतृत्व परिवर्तन जरूरी : विकास दुबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** युवा समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्यासी विकास दुबे ने शुक्रवार को बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान श्री दुबे ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। समस्याओं के समधन हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा भी लोगों को दिलाया। उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं। इसलिए गरीबों का दर्द भी खूब समझता हूं। गरीबों का दर्द बांटने ही लोगों के बीच आया हूं। विकास दुबे ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा का यथोचित विकास नहीं हो पाया है। इसका जबाबदेह यहां के अब तक के जनप्रतिनिधि हैं। लगभग चालीस वर्षों तक दो लोगों ने ही इस क्षेत्र पर राज किया है। अब इन दोनो को नकारने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पूर्ण विकास के लिए नेतृत्व परिवर्तन बेहद जरूरी है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# 25 मार्च से पानी टैंकर चलेगा पूरे शहर में: महापौर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने शुक्रवार को पानी की समस्या से निजात पाने के लिए उप महापौर मंगल सिंह,सभी पार्षदों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई अहम निर्णय लिए। महापौर ने कहा पूरे निगम क्षेत्र को दो भागों में बांट कर मॉनिटरिंग किया जाएगा तथा टैंकर का पानी जिस जिस स्थानों पर निगम उपलब्ध कराएगा अगर वहां पानी प्रतिदिन नहीं पहुंचेगा तो मुझे सूचना दें सप्लायर पर कार्रवाई होगी। सप्लायर को स्वच्छ पानी की गारंटी भी देनी होगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी वार्ड में 3/3 नए चांपा नल लगाए जाएंगे। महापौर ने कहा जल को बर्बाद ना करें बूंद बूंद की आवश्यकता है अगर कोई सप्लाई पानी से खेतों में पानी पटाता पाया जाएगा तो कार्रवाई होगी। महापौर ने कहा कि टैंकर में अगर स्वच्छ जल ना मिले तो मोहल्ले वाले अवश्य शिकायत करें। उप महापौर मंगल सिंह ने कहां इस वर्ष पानी की किल्लत ज्यादा होगी सबको मिलकर समाधान करना होगा।

# बच्चों के बीच स्वेटर का हुआ वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात कला के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में बच्चो के बीच स्वेटर वितरित किया गया। बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण पंसस रीना चौबे,मुखिया संजू चौबे, उप मुखिया सत्यप्रकाश चौबे व वार्ड सदस्य अरविंद चौबे ने संयुक्त रूप से किया। वितरण समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा और संचालन आंगनबाड़ी सेविका शारदा मिश्रा ने किया। रीना चौबे ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदो तक पहुंचाना चाहिए.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# गया-शेरघाटी वाया रफीगंज से डालटनगंज रेल निर्माण की निविदा शीघ्र होगी : सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गया-शेरघाटी वाया रफीगंज से डालटनगंज रेल लाईन निर्माण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे तथा डीपीआर तैयार करने के लिए रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि नयी रेल परियोजना गया-शेरघाटी वाया रफीगंज से डालटनगंज की स्वीकृति हुयी थी परंतु रेलवे बोर्ड के अर्द्ध सरकारी पत्रांक 2019/ डब्ल्यू -1/ जेनल/बजट /1/ 4493, दिनांक 24/12/2022 के तहत अगले आदेश तक खर्च पर रोक लगा दी गयी थी। पुनः मेरे पत्र सं 0526/ डीएलआइ दिनांक 6/12/2022 के आलोक में रेलवे ने त्वरित कार्यवाई करते हुए पूरी परियोजना के अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की और पाया कि पूर्वकृत फाइनल लोकेशन सर्वे लगभग 12 वर्ष पुराना होने के कारण अब वर्तमान मानकों के मद्देनजर अप्रसांगिक हो गया है। अतः रेलवे बोर्ड ने पत्र सं0.2022/ ह-11/ इसीआर/ एफएलएस/28/ (ए, आफिस 3398430), दिनांक 19/ 01/2023 के माध्यम से नए सिरे से फाइनल लोकेशन सर्वे कराने तथा डीपीआर तैयार कराने की अनुमति प्रदान कर दी है, जिसके आलोक में महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे के अनुपम शर्मा ने अपने अर्द्ध सरकारी पत्र सं0-इसीआर/एडीएम/पीजी/एमपी/172/2022 के माध्यम से सूचित किया है कि रेलवे बोर्ड के आदेश के आलोक में फाइनल लोकेशन सर्वे तथा डीपीआर तैयार करने के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। यह इस परियोजना से संबंधित सभी लोगों एवं गया शेरघाटी, रफीगंज, पाटन-छतरपुर प्रखंड एवं डालटनगंज (पलामू) जिला के निवासियों के लिए खुशखबरी है। इस परियोजना का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा।

# आरसीयू के 41 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

## गुरुग्राम की कंपनी ने किया चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसका आयोजन आरसीयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा किया गया था। प्लेसमेंट ड्राइव में आरसीपीआइ, आरसीआइटी एवं गढ़वा पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कुल 55 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें से परीक्षा में सफल 41 छात्रों का चयन हुआ। चयन प्रक्रिया का देखरेख गुरुग्राम के क्यूएच टालब्रोस कंपनी द्वारा किया गया। गुरुग्राम स्थित यह कंपनी क्यू एच टालब्रोस ऑटोमोबाइल के पार्ट्स का निर्माण करती है। कार्यक्रम के आखरी दौर में आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कंपनी के एचआर को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों के सफल चयन पर शुभ कामना देते हुए कहा आने वाले समय में और भी कंपनियां आरसीयू में आने वाली है। इसके लिए छात्रों को सजग व तैयार रहने की जरूरत है। मौके पर आरसीयू कुलपति डॉ कल्याण कुमार, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अधिकारी राजमोहन ठाकुर, मो. अफजल अली, निलेश सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 292191 (Building)22-23*D है को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 292876 (Building)22-23*D

**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा**

शुद्धि पत्र

पत्रांक 183 — चतरा दिनांक 17.03.2023

इस कार्यालय के पत्रांक–154 दिनांक– 06.03.2023, e-Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2022-23 PR 291969 Irrigation(22-23)D द्वारा प्रकाशित निविदा में ग्रुप संख्या–11 Renovation of Amgawa Chat Talab, Vill.- Amgawa, GP.-Piri, Simaria, Chatra. केवल ग्रुप संख्या– 11 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

PR 292859 Minor Irrigation(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–37 / 2022–23

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 25.03.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.03.2023 को अपराह्न 3.30 बजे
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6.निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 6 Unit 4th Grade Qtr in Campus of CHC Katkamsandi at Hazaribag for the year 2022-23 | 2244550/- | 45000/- | 5000/- | 03 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 292957 Building(22-23).D

**हजारीबाग नगर निगम,हजारीबाग**

बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक 1 से 5 का वित्तिय वर्ष 2023–2024 के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 23.03.2023 को 1:00 बजे अपराह्न से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी :–

| क्र.स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुणाल नर्सिंग होम से सरदार चौक तक टैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2023–2024 | 25,35,500 | 2,53,550 |
| 2 | सब्जी बाजार की निलामी। | 2023–2024 | 51,03,000 | 5,10,300 |
| 3 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पश्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2023–2024 | 1,18,000 | 11,800 |
| 4 | समहरणालय से पश्चिम बगोदर रोड एवं उतर झील रोड बी.एड कॉलेज तक वाहन पडाव की निलामी। | 2023–2024 | 2,63,000 | 26,300 |
| 5 | काली बाडी मीठा तालाब सब्जी बाजार की निलामी। | 2023–2024 | 13,51,000 | 1,35,100 |

–डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
–किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
–सफल डाकवक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
–डाक की शेष नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 292853 Urban Development and Housing(22-23).D

## अंतर्विभागीय क्रिकेट चैंपियनशिप में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस बना विजेता




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 मार्च को सेक्टर-4 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किये गए अन्तर्विभागीय क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस की टीम ने मिल जोन-1 को 37 रनों से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जे दासगुप्ता, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) एनए सैफी, महाप्रबंधक(नगर सेवाएं) एके अविनाश, वरीय प्रबंधक(क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं) एस रजक, चैंपियनशिप के समंवयक मनोज झा सहित चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि चैंपियनशिप में बीएसएल के विभिन्न विभागों की कुल 16 टीमें भाग ली थी।

## ऐतिहासिक होगा कुड़मी जनजाति महाजुटान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी युवा मंच संचालन समिति ने विनोद बिहारी महतो विस्थापित स्टेडियम रामडीह मोड़ में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुड़मी जनजाति समाज को लेकर दुनिया का सबसे बड़ा मानव शोधकर्ता एच एच रिजले साहब ने बीस साल तक शोध करने के बाद कुड़मी जनजाति समाज को वास्तविक आदिवासी पाया। उन्होंने अपना रिपोर्ट में, आदिवासी के कल्चर भाषा सांस्कृतिक एवं जितने भी आदिवासी का तथ्य होना चाहिए वह गुण एवं सभ्यता कुड़मी में है। कुड़मी एसटी है। 1931 तक हमलोग एब्रोजिनेल ट्राइब थे, संविधान लागू होने के दिन 1950 में कुड़मी जनजाति समाज के साथ तत्कालीन सरकार ने बहुत बड़ा धौका कर हमें अपना जन्मसिद्ध अधिकार एसटी से वंचित रखा। कुड़मी जनजाति समाज का एक स्वर में कहना है कि हमारा क्या दोष था कि देश आजादी के 72 वर्षों तक हमें एसटी से वंचित रणनिती के तहत रखा गया। कुड़मी जनजाति समाज का जमीन, खनीज संपदा लुटने एवं शिक्षा रोजगार शासन प्रशासन सभी जगह से बेदखल करने का षड़यंत्र कर लुटने का काम किया। अब कुड़मी जनजाति समाज और बर्दाश्त नहीं करने जा रहा है। अपना जन्मसिद्ध अधिकार के लिए 19 मार्च को हुंकार भरा जायेगा,किसी भी हाल में और बर्दाश्त नहीं करेंगे। आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। संचालन समिति के सदस्य झारखंड आंदोलनकारी शत्रुध्न महतो, उमेश चंद्र महतो, दुर्गा चरण महतो, निरंजन महतो, बहादुर महतो, हरिपद महतो, रघुनंदन महतो, शिवनंदन महतो, परशुराम महतो, सुखलाल महतो,मनोज पुनरीयार, सुबल महतो, हाकिम महतो, नारायण महतो, रविश्वर टिडुवार डोमन संखवार, अजय महतो सुबोध महतो, सुबल महतो उपस्थित हुए।

### कार्रवाई से अधिकारियों और कर्मियों में मचा हड़कंप

# नो ड्यूज और क्वार्टर आवंटन के नाम पर रिश्वत लेते कोलकर्मी को सीबीआइ ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा स्थित 20/21पीट कोलियरी क्षेत्र के बीसीसीएल कर्मी भीम बाउरी के क्वाटर में गुरूवार देर रात सीबीआइ की टीम दबिश दी। दबिश के दौरान बीसीसीएल कर्मी को सीबीआइ ने 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। आरोपी मुरलीडीह 20/21 पिट्स कोलियरी में स्वीच ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी क्वार्टर के नो ड्यूज के नाम पर विजय टुड्डु नामक युवक से रिश्वत ले रहा था। विजय टुडू का जीजा रवि लाल हांसदा फरवरी माह में सेवानिवृत हो गया है। क्वार्टर का नो ड्यूज नहीं मिलने के कारण ग्रेच्युटी राशि रूका हुआ था। एनओसी के नाम पर भीम बाउरी द्वारा 25 हजार रुपये घूस की रकम मांगी गयी थी। छापामारी के बाद सीबीआइ की टीम आरोपी को अपने साथ मुनीडीह गेस्ट



हाउस ले गई। जहां उससे पूछताछ की गई। आरोपी ने इस घटना में शामिल दो अधिकारियों के नाम का भी खुलासा किया है। जिसके नाम पर वह रिश्वत ले रहा था। सीबीआइ की इस कार्रवाई से अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है। सीबीआई की पूछताछ में और भी नामों का खुलासा होने की संभावना है। बताया जाता है कि मुरलीडीह 20/21 पिट्स में क्वार्टर एलॉटमेंट के नाम पर रिश्वत लेने का खेल काफी दिनों से चल रहा है। इस कारवाई के बाद अब सीबीआई एजीएम से भी पूछताछ करने की तैयारी में हैं।

### बदस्तूर जारी है क्वार्टरों पर अवैध कब्जा आवंटन के नाम से वसूली जाती हैंमोटी रकम

जानकारी के अनुसार सीबीआइ की टीम विगत कुछ दिन पहले बरोरा एरिया वन के कार्मिक प्रबंधक रत्नाकर मल्लिक को 2 मार्च को रिस्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया था। मार्च महीने में सीबीआइ की बीसीसीएल पर यह दूसरी छापेमारी रिंश्वत को लेकर की गई है। बताते चले की महुदा क्षेत्र के कोलयरी क्षेत्रों में क्वार्टरो की बदस्तूर जारी हैं अवैध कब्जा कर वसूली का खेल चल रहा है। इस खेल में बीसीसीएल कर्मी, स्थानीय छुटभइया नेताओं एवं अधिकारीयों की मिलीभगत रहती हैं। जो क्वार्टरो में अवैध कब्जा कर गैर बीसीसीएल कर्मी को भाड़े में रखकर 5 हजार से 10 हजार रुपये तक राशि वसूली जा रही हैं। वहीं जब किसी तरह की कोई कार्रवाई होती हैं तब जाकर मामला खुलकर सामने आता हैं।

### मामले की जानकारी नहीं: एजीएम

इस संबंध में एजीएम एमएच कुरैशी ने कहा इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं हैं, उन्होंने रिश्वत की बात से साफ-साफ इंकार कर दिया, और कहा अखबार के माध्यम से मुझे जानकारी प्राप्त हुई हैं।

## सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सांसद पशुपतिनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** शनिवार से झरिया में शुरू हो रहे सांसद खेल महोत्सव को लेकर तैयारियों का जायजा लेने भाजपा के सांसद समेत भाजपा के जिला पदाधिकारी शुक्रवार को डिगवाडीह स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष मानस प्रसून संजय कुमार झा, उमेश यादव, महामंत्री नितिन भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष हरी प्रकाश लाटा, बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक बीरेंद्र कुमार सिन्हा के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन धनबाद इकाई की बैठक संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन धनबाद जिला इकाई की एक बैठक शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड के कतरास में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शौकत खान ने किया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक लाल मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में बाघमारा प्रखंड के लिए उमेश विश्वकर्मा को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं खुशी कुमारी गुप्ता को जिला सचिव बनाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाघमारा प्रखंड की पूरी कमेटी 15 दिनों के अंदर बनाकर जिला कमेटी को सौपेगी। बैठक के दौरान आधा दर्जन पत्रकारों ने सदस्यता भी लिया। साथ ही उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि अप्रैल में होने वाले कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हम लोग हिस्सा लेंगे और 19 मार्च को धनबाद के सर्किट हाउस में होने वाली बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कमेटी के सचिव रुस्तम मियां के अलावे मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, खुशी कुमारी गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा, शेख असलम, संतोष कुमार दे, पप्पू कुमार गुप्ता, विनोद कुमार मोहाली, कलावती मोहाली, आनंद बाउरी आदि मौजूद थे।

## 19 मार्च से धनबाद उत्सव भवन में कला महोत्सव का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सौजन्य से आगामी 19 मार्च को उत्सव भवन, धनबाद में समर्पित कला मंच धनबाद द्वारा कला महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस बाबत शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर समर्पित कला मंच के संयोजक सह सचिव मो हारुन रसीद ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गायन,नृत्य तथा नाट्य विधा के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। जिसमे धनबाद जिला के अलावा हजारीबाग, सरायकेला,देवघर जिला के कला दल अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप निदेशक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार होंगे। इसके अलावा जिला के कई गणमान्य समाजसेवी एवं कला प्रेमी उपस्थित होंगे।कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंडी कला संस्कृति एवं सभ्यता का संरक्षण एवं विकास है। प्रेस वार्ता में मो हारून रशीद, कार्यक्रम संयोजक सह सचिव,समर्पित कला मंच, धनबाद, मो सहजाद, मो मिन्हाज, सतीश सिन्हा, सह कार्यक्रम संयोजक बृजेन्द्र गोस्वामी,राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना, अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**(द्वितीय निविदा)**
(प्रथम निविदा का PR No.-290375Road(22-23):(D)

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–50/2022–23 दिनांक :– 17.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एच.ई.सी. से राँची–गुमला रोड (एन.एच.–23) पथ में राँची–पिस्का स्टेशन के बीच कि0मी0 427/2–3 में Level Crossing No. RL-5 के स्थान पर चार लेन ROB का निर्माण कार्य वर्ष 2022–23. |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 805.57623 लाख (रूपये आठ करोड़ पांच लाख सन्तावन हजार छः सौ तेईस) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 8.06 लाख, (रूपये आठ लाख छः हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.03.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 25.03.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 27.03.2023 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
PR 292931 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)#D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सिमडेगा जिला के जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु 2023 के पूर्व प्रबंधन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिशठापित ड्रिल्ड नलकूपों के सघन एवं नियमित साधारण मरम्मति की शिकायत, लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना बन्द होने की शिकायत तथा जलापूर्ति से संबंधित शिकायत प्राप्त करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सिमडेगा में जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया जा रहा है। जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये जा रहे है –

– जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम –

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदाधिकारी/ कर्मचारी का मोबाईल नं० | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा | (1) श्री शिवाजी मिश्रा, सहायक अभियंता | 9971058117 | 06525–350233 |
| | (2) श्री संजीव कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक | 9546538539 | |

प्रखण्ड स्तर पर नामित नोडल पदाधिकारी को उनके नाम के सामने अंकित मोबाईल नम्बर पर भी संपर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है –

प्रखण्ड स्तरीय कन्ट्रोल रूम –

| क्र० | प्रखण्ड का नाम | नोडल पदाधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल नं० | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा/पाकरटांड | श्री पंकज कुमार पिंगुवा | कनीय अभियंता | 9771320657 | |
| 2 | कुरडेग/केरसई | श्री शिवाजी मिश्रा | सहायक अभियंता | 9971058117 | |
| | | श्री संजय कुमार | कनीय अभियंता | 7761835049 | |
| 3 | ठेठईटांगर / बोलबा | श्री प्रेमनाथ उराँव | कनीय अभियंता | 8809599783 | |
| 4 | जलडेगा/बाँसजोर | श्री चन्दन कुमार | सहायक अभियंता | 7277178510 | |
| | | श्री कुन्दन कुमार | कनीय अभियंता | 9430040865 | |
| 5 | बानो | श्री संजय कुमार | कनीय अभियंता | 7761835049 | |

प्रत्येक प्रखण्ड हेतु नोडल पदाधिकारी सभी प्रखण्डों में अगामी ग्रीष्म ऋतु 2023 हेतु कन्ट्रोल रूम का संचालन करेंगे तथा प्रखण्ड स्तर पर शिकायत पंजी का संधारण करेंगे। प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

इसके अतिरिक्त प्रखण्ड कार्यालय एवं पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डलीय कार्यालय में शिकायत पंजी भी रखी गयी है जहां आप शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

शिकायत दर्ज कराते समय शिकायतकर्त्ता अपना पूरा नाम, पता (प्रखण्ड, पंचायत, ग्राम, टोला, स्थान एवं शिकायत का प्रकार की जानकारी जरूर देंगे।

राज्य स्तरीय टॉल फ्री नं० 1800 345 6502 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

**नोट – नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराने का समय 08:00 बजे पूर्वाहन से 06:00 बजे अपराहन तक (कार्य दिवस में)।**

कार्यपालक अभियंता
PR 292857 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा


## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल और अन्नपूर्णा देवी आज करेंगे अधिवेशन आह्वान का उद्घाटन

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के दो दिवसीय अधिवेशन में जुटेंगे राज्य के 1000 प्रतिनिधि



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शनिवार की संध्या 4 बजे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। अधिवेशन धनबाद के सिद्धि विनायक रिसॉर्ट में होगा। जहां राज्यभर से 1000 युवाओं का जुटान होगा। अधिवेशन की जानकारी देते हुए प्रांतीय अध्यक्ष युवा नंदलाल अग्रवाल ने बताया कि मंच के धनबाद शाखा के अध्यक्ष सुभाष लिखमानिया के नेतृत्व में इस अधिवेशन को आयोजित किया जा रहा है, जिसके स्वागताध्यक्ष चेतन गोयनका, स्वागत मंत्री रितेश शर्मा है और पवन सोनी आयोजन समिति के संयोजक है। बताया कि अधिवेशन का नाम 'आह्वान' है जबकि इसकी थींम - प्रयास, प्रगति और परिवर्तन पर आधारित है। उद्घाटन-सत्र में स्थानीय सांसद पीएन सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानियां, रवि अग्रवाल, नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ आदि उपस्थित रहेंगे।

### साइकिल का होगा वितरण

अधिवेशन में जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को मेसर्स श्रीराम सेल्स के सौजन्य से 10 साइकिल का वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व भी आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 साइकिल का वितरण आदिवासी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं के बीच किया गया था।

### एक देश एक माटी की तर्ज पर राष्ट्रीय एकता रैली का होगा आयोजन

दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के दूसरे दिन 19 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय विकास एवं एकता रैली के माध्यम से देश की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।रैली के दौरान छऊ नृत्य, उलगुलान के जनक और धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की झांकी सहित लाइव अमृतधारा को दिखाते हुए विभिन्न आंचलिक संस्कृति की प्रस्तुति इस अधिवेशन में होगी।

### 19 मार्च को ये माननीय शामिल होंगे

अधिवेशन के दूसरे दिन जामा विधायक सीता मुर्मू,देवघर के विधायक नारायण दास,महगामा विधायक दीपिका पांडे, कोडरमा विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव,गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार,बेरमो विधायक कुमार जय मंगल (अनूप सिंह),बोकारो विधायक वीरेंद्र नारायण, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता,धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह,लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम,डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, सहित प्रसिद्ध विभूतियाँ शामिल होंगी।

### 17 को होगी प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक

श्री अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के पूर्व 17 मार्च को गोविंदपुर स्थित होटल मधुबन में अष्टम प्रांतीय कार्यसमिति की पांचवी बैठक संध्या 5 बजे से गोविंदपुर और गोविंदपुर उन्नति शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवेशन आयोजन संयोजक पवन सोनी,धनबाद शाखा के सभी सदस्य,धनबाद शक्ति शाखा की सभी सदस्य,आदि पूरे जोर-शोर से सक्रिय है।

**अपनो से अपनी बात के जरिये होगा मोटिवेशन:** प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम सेठिया कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक के सत्र में व्यक्तित्व विकास, सांगठनिक क्षमताओं का क्रमिक उत्कर्ष करने सहित सार्वजनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित बातें को सदस्यों से करते हुए मोटिवेशनल स्पीच देंगे।

### समाज की विभूतियां होंगी सम्मानित

अपने संघर्ष के दम पर समाज में उत्कृष्ट मुकाम बनाने वाली विभूतियों को उद्घाटन-सत्र में 'मारवाड़ रत्न' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसमें उद्योग, समाज सेवा, राजनीति, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लोग शामिल होंगे।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**60**/22-23 Dated **16.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of feasibility report and Detailed project report for construction of Ring road/Bypass road for Daltonganj ,including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Daltonganj in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 36.00 KM |
| 3 | Work completion time | 90 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 20.03.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 28.03.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 29.03.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR 292881 (Road)22-23*D

## एमसीएल ओड़िशा के तीन जिलों में 100 स्मार्ट क्लास रूम स्थापित करेगा




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़ और मयूरभंज जिलों में 100 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। एमसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) और भारत सरकार के उद्यम एडसीआईएल (इंडिया) लिमिटेड की ओर से सहायक प्रबंधक (परियोजना प्रभारी (डिजिटल शिक्षा सेवाएं) एवं संबंधित जिला प्रशासन के द्वारा तीनों जिलों हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस सीएसआर पहल से शिक्षा के डिजिटलीकरण में मदद होगी और इन तीन जिलों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मध्य 'डिजिटल डिवाइड' में कमी आयेगी। ओड़िशा राज्य में सीएसआर दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी एमसीएल, समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में सरकार द्वारा की जा रही पहलों को पूरा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## ड्राइवर महासंघ ने आंदोलन रद्द किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ड्राइवर महासंघ ने पिछले तीन दिनों से चल रहे स्टीयरिंग छोड़ आंदोलन को शुक्रवार को रद्द कर दिया है। ड्राइवर महासंघ के अध्यक्ष प्रशांत मेंडुली ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट कर इसकी घोषणा की। महासंघ ने सरकार पर भरोसा और विश्वास रख कर यह फैसला लिया है। संघ के अध्यक्ष प्रशांत मेंडुली ने कहा कि जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए और मुख्य शासन सचिव के प्रतिश्रुति पर भरोसा करते हुए संघ ने आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। गुरुवार रात सात बजे संघ के साथ बैठक के बाद मुख्य प्रशासनिक सचिव ने लिखित आकार में अवगत कराया कि तीन माह के भीतर चालकों की मांगों का समाधान कर दिया जायेगा।

# राम मंदिर का गर्भगृह 70 प्रतिशत तैयार

## 200 बीम की नक्काशी का काम पूरा : चौखट-दीवार और सिंहद्वार हो रहे तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। ये ग्राउंड फ्लोर यानी भूतल और उस पर बन रहे गर्भगृह की हैं। पहली बार इनमें दिख रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं।




### अब आकार लेने लगा है मंदिर

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70% काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है। राम मंदिर के गर्भगृह के एक हिस्से में चौखट और 20 फीट ऊंची दीवारें आकार लेती दिख रही हैं। ये मकराना के सफेद संगमरमर से बनायी जा रही हैं। इनके अलावा तस्वीरों में सिंहद्वार, गर्भगृह की दीवारें और पिलर निर्माण भी नजर आ रही है।

### मंदिर निर्माण का काम तय समय से : डॉ अनिल मिश्र

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण का काम तय समय से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही गर्भगृह की बीम डालने का काम शुरू हो जायेगा। राम मंदिर की छत के करीब 200 बीम की नक्काशी का काम हो चुका है। बीम की तराशी रामसेवक पुरम और रामघाट स्थित कार्यशाला में हो रही है। जो पत्थर तराशे जा चुके हैं, उन्हें राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचाया जा रहा है।

## रेलवे अस्पताल खोरधा रोड में लेप्रोस्कोपिक सेट का उद्घाटन



**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने मंडल रेलवे अस्पताल, खोरधा रोड में चिकित्सा उपकरणों के लेप्रोस्कोपिक सेट का उद्घाटन किया। इन उपकरणों की मदद से अब रेलवे कर्मचारी तथा उनके परिवारजन रेलवे अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी, लैप्रोस्कोपिक एपेन्डेक्टॉमी, लेप्रोस्कोपिक हर्निया आदि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। लैप्रोस्कोपिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें न्यूनतम चीरा या त्वचा में कटौती होती है। चूंकि लैप्रोस्कोपिक सर्जरी में घाव छोटा होता है, इसलिए कम से कम दर्द और न्यूनतम रक्त का नुकसान होगी। लैप्रोस्कोपिक सर्जरी में, रोगी तेजी से ठीक हो जाता है और उसे ओपन सर्जरी की तुलना में अस्पताल में कम समय बिताना पड़ता है। कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी), शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), डॉ पीके दास, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अन्य शाखा अधिकारी एवं मंडल रेलवे अस्पताल के अन्य डॉक्टर उपस्थित थे।

### नेत्र रोग विशेषज्ञों के 20वें वार्षिक सम्मेलन का पहला दिन

# लाइव सर्जरी सत्र में आंखों की 12 तरह की नयी सर्जरी की तकनीक का प्रदर्शन

**कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में लाइव सर्जरी को चार ऑपरेशन थिएटर से किया गया प्रदर्शित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आप्थाल्मोलॉजिकल सोसाइटी के तत्वावधान में नेत्र रोग विशेषज्ञों के 20वें वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची में किया गया, जिसे कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के सभागार में मौजूद झारखंड के सभी नेत्र चिकित्सकों ने देखा और ओटी में मौजूद सर्जनों से सवाल जवाब किया। सम्मेलन में देश भर से 30 गेस्ट फैकल्टी भाग ले रहे हैं। इसके अलावा लाइव सर्जरी वेबिनार के माध्यम से भी राज्य के कई नेत्र चिकित्सक इस लाइव सर्जरी में जुड़े और सवाल जवाब किया। डॉ बीपी कश्यप, डॉ विभूति कश्यप, डॉ मलय वर्मा, डॉ निधि गडकर कश्यप, डॉ सीतेश बरगाल और डॉ पूजा कुमारी इस लाइव सर्जरी में ओटी के संयोजक थे।




सम्मेलन में आये ऑल इंडिया आप्थाल्मोलॉजिकल सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा ने कहा कि डायबिटिक रेटिनोपैथी के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी है। साल में एक बार अवश्य डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच करानी चाहिए।

झारखंड नेत्र सोसाइटी की चेयरपर्सन साईंटीफिक कमिटी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के लाइव सर्जरी सत्र में 12 तरह की नयी नयी आंखों की सर्जरी की तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

लाइव सर्जरी के दूसरे ग्लूकोमा सत्र में डॉ मनीष पाण्डेय ने ग्लूकोमा सर्जरी की नई तकनीक ट्यूब इंप्लांट की नयी तकनीक को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा के शुरुआती उपचार में रोग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए आखों में डालने के लिए ड्रॉप दी जाती है। अगर दवा से लक्षण न रुके, तो सर्जरी करनी पड़ सकती है। कुछ मुश्किल परिस्थियों में ट्यूब इंप्लांट भी किये जाते हैं।

लाइव सर्जरी के तीसरे रेटिना सत्र में डॉ अनिरुद्ध मैती ने आखों के पर्दे की जटिल सर्जरी का प्रदर्शन किया। लाइव सर्जरी के चौथे सत्र में डॉ कृष्ण प्रसाद कुडलू द्वारा आइपीसीएल के प्रत्यारोपण को दिखाया गया। बताया गया कि हाई माइनस पावर या पतले कॉर्निया या सूखी आंखों के ऐसे मरीजों में आइपीसीएल प्रत्यारोपण लाभप्रद होता है, जिनका लासिक लेसर के द्वारा माइनस पॉवर कम नहीं किया जा सकता है।

## एसटीएफ ने भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और गांजा नष्ट किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झुर्दा एसटीएफ भुवनेश्वर एसपी, खुर्दा उपजिलाधिकारी, खुर्दा अबकारी आरक्षी, एसटीएफ डीएसपी द्वारा गठित ड्रग डिसपोजल कमेटी के निष्पति के अनुसार राज्य फोरेंसिक साइंस के अधिकारी और राज्य प्रदूषण बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति में एसटीएफ द्वारा 14 मामलों में खुर्दा जिले में कुल 14 किलोग्राम ब्राउन शुगर एवं चार मामोले में जब्त 504 किलो गांजा जब्त किया गया था। ब्राउन शुगर और गांजा को खुर्दा के टांगियापड़ा के एक भट्ठे में नष्ट किया है। अब तक एसटीएफ ने 50 किलो 815 ग्राम ब्राउन शुगर और 132 क्विंटल 79 किलो गांजा नष्ट किया है। इस हिसाब से ओडिशा पुलिस ने आज तक 60 किलो से ज्यादा ब्राउन शुगर और 1450 क्विंटल से ज्यादा गांजा नष्ट किया है।

## आज से संबलपुर में ऑल इंडिया रेलवे क्रिकेट चैंपियनशिप

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर मंडल 66वीं अखिल भारतीय रेलवे टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2022-23 के पूल-डी लीग चरण का आयोजन 18 से 25 मार्च तक करेगा। मनोज शर्मा, महाप्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर 18 मार्च को रेलवे स्टेडियम, रेल नगर संबलपुर में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, भुवनेश्वर की अध्यक्ष दिव्या शर्मा और ईस्ट कोस्ट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, भुवनेश्वर के अध्यक्ष एपी द्विवेदी की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। टूर्नामिंट में कुल 21 लीग मैच दो मैदानों यानी रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर और वीएसएस स्टेडियम संबलपुर में खेले जायेंगे। मैच 2 शिफ्ट में खेले जायेंगे। पहला मैच नौ बजे से 12.30 बजे तक और दूसरा मैच 13.30 बजे से 17 बजे तक खेला जायेगा। चैंपियनशिप में विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों की सात टीमें भाग लेंगी। यह कार्यक्रम दर्शकों के लिए खुला रहेगा।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21